

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-75 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) सोमवार 28 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## उद्योग मंदिर की तरह हैं जिससे लाखों लोगों को मिलता है रोजगार के रूप में आशीर्वाद : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

### जीआईएस में आईटी से संबंधित हुये 99 एमओयू में से 25 प्रतिशत का आज हुआ है भूमि-पूजन



**इन्दौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में हुआ टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन**

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्योगों का निर्माण किसी मंदिर के बनने की तरह है। उद्योग ऐसे मंदिर हैं जो भगवान की तरह दर्शन जीविका का प्रसाद और आशीर्वाद देते हैं। श्रम शक्ति से लाखों व्यक्तियों को रोजी-रोटी मिलती है। आज के तकनीकी दौर में छोटे देश भी प्रगति कर रहे हैं। युद्धों से विकास में पिछड़ने वाले देश भी उद्यमशीलता से विकसित हो जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम आज बदलते दौर का भारत देख रहे हैं, जहां कई क्षेत्रों में तीव्र प्रगति हो रही है। इंदौर ने उद्योगों के विकास का कीर्तिमान बनाया है, इंदौर आईटी क्षेत्र की राजधानी है। इंदौर में अतुल पंचशील जैसे उद्योगपति विशिष्ट कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया प्रदेश में पाँच बड़े नगरों में इण्डस्ट्री पार्क प्रारंभ किये जा रहे हैं। कोरिया जैसे देश जिनसे भारत का पुराना सांस्कृतिक नाता है, वे भी मध्यप्रदेश में निवेश के लिये इच्छुक हैं। आज की कॉन्क्लेव में कोरिया और जापान से भी प्रतिनिधि आये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव से लगभग 20 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे लगभग 75 हजार रोजगार सृजित होंगे।उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज के टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास भी हुए हैं।

## पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की खबर झूठी : मुख्यमंत्री फडणवीस

मुंबई(आरएनएस)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 107 पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की खबर को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने गृह मंत्री के तौर पर स्पष्ट किया कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों का पता लगा लिया गया है और उन्हें उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही ये सभी नागरिक पाकिस्तान लौट जाएंगे।मुख्यमंत्री फडणवीस ने एक बयान में कहा, 107 पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की अफवाहें गलत हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि सभी का पता लगा लिया गया है। उन्हें देश से बाहर भेजने की व्यवस्था की जा रही है। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुझे उम्मीद है कि आज शाम या कल सुबह तक वे अपने देश वापस चले जाएंगे।




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में एक दिव्यांग व्यक्ति को साइकिल और अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए।

## काचरिया चौपाटी पर एक कार कुएं में गिरी, 12 लोगों की मौत



मंदसौर (ए.)। जिले के नारायणगढ़ में एक दुखद घटना हुई। काचरिया चौपाटी पर एक कार कुएं में गिर गई। कार में लगभग 11 लोग सवार थे। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया। कुएं में गिरे लोगों को बचाने की कोशिश में मनोहर सिंह (उम्र 40 साल) नामक एक स्थानीय युवक की मौत हो गई। कार में 11 लोग सवार थे। हादसे में 12 लोगों की मौत की सूचना है। मरने वालों में कार सवार, बाइक सवार 1 बुजुर्ग और बचाने कूदा 1 युवक शामिल हैं। यह घटना तब हुई जब कार ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी और फिर कुएं में जा गिरी। कुएं में गिरने के बाद कार से एलपीजी गैस का रिसाव होने लगा, जिससे अंदर फंसे लोगों का दम घुटने लगा। एक स्थानीय युवक ने कार सवारों को बचाने की कोशिश की। वह कुएं में कूद गया लेकिन गैस रिसाव के कारण उसका भी दम घुट गया और उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। एसडीओपी, थाना प्रभारी और एसडीएम सहित कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। तुरंत बचाव कार्य शुरू किया गया। क्रेन की मदद से लोगों को बाहर निकालने की कोशिश भी चल रही थी। कुएं में से एक महिला, एक छोटी बच्ची और एक किशोर को जिंदा निकाला गया।

## पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला, पाकिस्तानी हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक

देहरादून (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया।

## पहलगाम के पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा.., मन की बात में PM मोदी ने देश को दिलाया कार्रवाई का भरोसा



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पूरा देश पीड़ितों के दर्द में साथ खड़ा है और आतंकियों को उनके किए की सजा जरूर मिलेगी।प्रधानमंत्री ने कहा, आज जब मैं आपसे 'मन की बात' कर रहा हूं तो मन में गहरी पीड़ा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई आतंकी वारदात ने देश के हर नागरिक को दु:ख पहुंचाया है। हर भारतीय का खून, हमले की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। पीएम ने कहा, पहलगाम हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा और कायरता को दिखाता है। जब कश्मीर में विकास और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटन रिकॉर्ड स्तर पर था और युवाओं के लिए अवसर बढ़ रहे थे, तब देश के दुश्मनों को यह प्रगति रास नहीं आई। इसलिए उन्होंने इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का आह्वान करते हुए कहा, आतंक और आतंक के आका चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए, लेकिन देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की ताकत के साथ हम इस चुनौती का डटकर सामना करेंगे।

### संकट के समय विश्व-मित्र के रूप में मानवता के लिए भारत की प्रतिबद्धता हमारी पहचान बन रही है : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में भारत की वैश्विक मित्रता और मानवता के प्रति समर्पण को रेखांकित किया। म्यांमार में आए भूकंप के बाद 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भारत की त्वरित सहायता, इथियोपिया में प्रवासी भारतीयों द्वारा बच्चों के इलाज की पहल, और अफगानिस्तान व नेपाल को वैक्सीन व दवाइयों की आपूर्ति जैसे प्रयासों का जिक्र करते हुए पीएम ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को जीवंत किया। इसके साथ ही, आपदा प्रबंधन में 'सचेत ऐप' की उपयोगिता पर जोर देकर उन्होंने तकनीक और सतर्कता के महत्व को भी उजागर किया।

## अरब सागर में दिखाई दी भारत की समुद्री ताकत, नौसेना ने ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल का किया सफल परीक्षण



नई दिल्ली, (ए.)। भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने अपनी युद्ध तैयारी का दमदार प्रदर्शन करते हुए अरब सागर में कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की। नौसेना ने अत्याधुनिक ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल का परीक्षण किया, जिसकी रेंज करीब 300 किलोमीटर है। इस परीक्षण के साथ ही भारतीय नौसेना ने स्पष्ट कर दिया कि वह किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी प्रकार से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय और भविष्य के लिए सक्षम है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने अपनी सैन्य तैयारियों को और तेज कर दिया है। हमले के 48 घंटे के भीतर भारतीय नौसेना ने अपने विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस सूरत से सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान आईएनएस सूरत ने समुद्र में एक लक्ष्य को सटीकता से भेदा।

इसके अलावा, हाल ही में डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (वीएल-एसआरएसएएम) का भी सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण 26 मार्च को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया था, जिसमें मिसाइल ने कम ऊंचाई पर उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य को सटीकता से नष्ट किया।

### गौरव का भी सफल परीक्षण

भारतीय रक्षा क्षमता को और मजबूती देते हुए, इसी महीने भारत ने लड़ाकू विमान से दागे जाने वाले लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का भी सफल परीक्षण किया है। 8 से 10 अप्रैल के बीच सुखोई-30 एमकेआई विमान से किए गए ट्रायल्स के दौरान गौरव बम ने लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्यों पर अत्यधिक सटीक निशाना साधा। इस परियोजना में अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने भी भागीदारी निभाई।

इन परीक्षणों के जरिए भारत ने न केवल अपने आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है, बल्कि मौजूदा हालात में अपने दुश्मनों को भी स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना — सभी मोर्चों पर पूरी तरह तैयार हैं।

## पति, पत्नी और उसकी बेटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पूरा मामला कर देगा हैरान

बस्ती (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक चौंकाने वाली हत्या का मामला सामने आया है। यहां कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति, उसकी पहली पत्नी और बेटी को दूसरी पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।सदर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सत्येंद्र भूषण तिवारी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि भुवर निरंजनपुर निवासी रामबली कन्नौजिया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि उसकी बहन सुनीता ने अपने पहले पति की मृत्यु के बाद, शादीशुदा नोहर चौधरी से मंदिर में शादी कर ली थी।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 24 और 25 अप्रैल की दरमियानी रात को सुनीता नोहर चौधरी के घर पर थी। इसी दौरान उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद नोहर चौधरी, उसकी पहली पत्नी विद्यावती उर्फ संतोला और नोहर की विवाहित बेटी लक्ष्मी को सुनीता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उन्होंने सुनीता का दुपट्टे से गला घोंटा और लाठियों से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

## बैंक की नौकरी छोड़कर 50 लाख की ऑडी से दूध बेच रहा युवक, बताई ये खास बात

फरीदाबाद (आरएनएस)। हरियाणा के फरीदाबाद में 33 वर्षीय अमित भडाना अपनी 50 लाख रुपये की ऑडी कार से दूध की सप्लाई कर सुर्खियां बटोर रहे हैं। मोहताबाद गांव के रहने वाले अमित रोजाना 120 लीटर दूध फरीदाबाद की कॉलोनियों में पहुंचाते हैं। इसके लिए वे करीब 60 किलोमीटर गाड़ी चलाते हैं और 400 रुपये का पेट्रोल खर्च करते हैं। अमित अपनी कमाई का खुलासा नहीं करते, लेकिन कहते हैं कि महंगी गाड़ियां चलाना उनका जुनून है। इस शौक को पूरा करने के लिए उन्होंने बैंक की नौकरी तक छोड़ दी और पिता के दूध के कारोबार में कदम रखा।



डेयरी कारोबारी अमित ने हाल ही में ऑडी ए 3 कैब्रियोलेट खरीदी है। इससे पहले वे 8 लाख रुपये की हार्ले डेविडसन बाइक से दूध की सप्लाई करते थे। अमित बताते हैं, गर्मी बढ़ गई है। बाइक से दूध ले जाना मुश्किल था, इसलिए मैंने यह कार खरीदी। उन्होंने बीकॉम तक पढ़ाई की और सात साल तक एचडीएफसी बैंक में मैनेजर के पद पर काम किया। कोरोना काल में उन्होंने बैंक जाना बंद कर दिया और अपने भाई के साथ दूध की सप्लाई में मदद शुरू की।




## जम्मू-कश्मीर : कुपवाड़ा में बंदूकधारियों की गोली से घायल व्यक्ति की मौत, 10 आतंकवादियों के घर ध्वस्त

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक सामाजिक कार्यकर्ता को गोली मार दी। इसके बाद व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।पुलिस के अनुसार, गुलाम रसूल मगरे (45) को शनिवार शाम कांडीखास इलाके में उसके घर के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने उसे गोली मार दी थी। गुलाम रसूल के पेट और बायीं कलाई में गोली लगी। इसके बाद गंभीर हालत में उसे हंदवाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस गुलाम रसूल की हत्या के वास्तविक कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है।इस बीच, आतंकवादियों और आतंकी संपर्कों पर अपनी व्यापक कार्रवाई जारी रखते हुए सुरक्षा बलों ने बांदीपोरा जिले के चोटीपोरा गांव में एक आतंकवादी के घर को ध्वस्त कर दिया।

## बिहार के वैशाली में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में 40 साल का अधेड़ गिरफ्तार



वैशाली ,(आरएनएस)। बिहार के वैशाली जिले के बलिगांव थाना क्षेत्र में छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में एक 40 वर्षीय अधेड़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने एक मक्के के खेत में नाबालिग को ले जाकर दुष्कर्म किया था। महुआ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) दुर्गा शक्ति ने शनिवार को बताया कि छह साल की बच्ची के साथ एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत के सामने पेश किया है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति का आपराधिक इतिहास रहा है। इससे पहले भी बलिगांव थाना क्षेत्र के एक मामले में वह जेल जा चुका है। उस पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था।गिरफ्तार व्यक्ति पर आरोप है कि उसने गुरुवार, 25 अप्रैल को छह वर्षीय बच्ची के साथ मक्के के खेत में दुष्कर्म किया। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।परिवार के अनुसार, बच्ची गुरुवार रात अपने घर से 10 रुपए लेकर पास की दुकान पर बिस्कुट खरीदने गई थी। वह अपने और अपने भाई के लिए बिस्कुट लेने जा रही थी। लेकिन, वह दुकान तक नहीं पहुंची। कथित तौर पर, आरोपी उसका मुंह दबाकर उसे जबरन पास के मक्के के खेत में ले गया।

## पंजाब पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने अमृतसर में एक बड़े अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अमृतसर जिले के निवासी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है।उसके कब्जे से 7 पिस्तौल, 4 जिंदा कारतूस और 1.5 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। यह मॉड्यूल पाकिस्तान से जुड़ा हुआ था और भारत-पाक सीमा के जरिए हथियारों की तस्करी कर रहा था।पुलिस ने बताया कि बरामद हथियारों में 5 पिस्तौल (.30 बोर) और 2 ग्लॉक पिस्तौल (9 एमएम) शामिल हैं। साथ ही, 4 जिंदा कारतूस (.30 बोर) और 1,50,000 रुपये की भारतीय मुद्रा भी जब्त की गई है। जांच में पता चला कि अभिषेक कुमार और उसका सहयोगी जोधबीर सिंह उर्फ जोधा, ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले जस्सा के निर्देश पर काम कर रहे थे। जस्सा पाकिस्तान के तस्करों के साथ मिलकर भारत में अवैध हथियार और गोला-बारूद की तस्करी करवाता था।प्रारंभिक जांच से खुलासा हुआ है कि अभिषेक और जोधा हवाला के जरिए पैसे के लेनदेन में भी शामिल थे।

# डॉ. अंबेडकर ने देश में समतामूलक समाज निर्माण के लिए गुरु की भूमिका निभाई : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश में समतामूलक समाज के निर्माण के लिए गुरू की भूमिका निभाई और देश की आजादी को अमर, अखंड और अक्षुण्ण रखने का आधार बनाया। एक हजार साल की गुलामी के दौर से गुजरे देश में, गुलामी के कारणों को खोजने और उन कारणों का प्रभावी समाधान देने में बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान है। आरक्षण की व्यवस्था को संवैधानिक आधार प्रदान कर डॉ अंबेडकर ने देश में समानता के भाव का विस्तार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, डॉ. अंबेडकर यूथ कॉन्क्लेव में श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर सांसद वी.डी. शर्मा, सांसद देवास महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को डिक्की के मध्यप्रदेश चैप्टर प्रमुख अनिल सरवैया ने सोशल जस्टिस पत्र की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मुदित शैजवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा स्थापित व्यवस्था के परिणामस्वरूप ही देश में सभी वर्गों को प्रगति के समान अवसर मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि किसान-मजदूर सहित अन्य कठिन और संघर्षपूर्ण परिस्थिति में रह रहे परिवारों से आए व्यक्तियों को देश का नेतृत्व करने सहित महत्वपूर्ण पदों से व्यवस्था संचालन के अवसर प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचारों की महत्ता को स्वीकारते हुए उनकी जन्म स्थली महू पर विश्वविद्यालय स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर नई शिक्षा नीति में डॉ. अंबेडकर को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है और उनके विचारों पर शोध को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य बाबा साहेब अंबेडकर ने किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी उनके विकसित भारत के संकल्प का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान देने का आव्हान किया।

## समाज के वंचित और कमजोर वर्गो को, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करना सरकार की जिम्मेदारी : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के भाव पर सरकार अटल



भोपाल (निप्र)। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़-संकल्पित है। श्री देवड़ा आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित चिकित्सा सम्मेलन दशपुरकॉन 2025 में सहभागिता कर उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों व सम्माननीय चिकित्सकों को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक विस्तार, चिकित्सा शिक्षा में गुणात्मक सुधार, तकनीकी नवाचारों के समावेशन एवं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित किया है। सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के भाव के अनुरूप हमारी सरकार का यह अटल एवं दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाएँ।

## भगवान परशुराम जयंती के संबंध में परशुराम मंदिर ट्रस्ट भोपाल की बैठक संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। आगामी 30 अप्रैल दिन बुधवार को भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव श्री परशुराम मंदिर शिवाजी नगर भोपाल पर प्रति वर्ष अनुसार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में तैयारी को लेकर आज बैठक संपन्न हुई। परशुराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल भार्गव की अध्यक्षता में तय किया गया कि 30 अप्रैल 2025 को प्रात: काल 7:00 बजे भगवान श्री का अभिषेक पूजन एवं शास्त्रार्जन हवन का कार्यक्रम संपन्न होगा। शाम 6:00 बजे से भजन संध्या महा आरती एवं भोजन प्रसादी होगी। समस्त धर्म प्रेमियों से पधार कर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

## मुख्य सचिव को सौंपे नर्सिंग घोटाले के कागजात, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग महाघोटाले को लेकर राष्ट्रीय छात्र संगठन ( एनएसयूआई ) ने एक बार फिर सरकार को घेरते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग की है। एनएसयूआई मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच, दोषियों के तत्काल निलंबन तथा आपराधिक मुकदमा दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया प्रारंभ करने की माँग की गई है।रवि परमार ने ज्ञापन में कहा गया है कि इस घोटाले का पर्दाफाश हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी अब तक सभी दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई है। वर्ष 2024 में तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा आयुक्त द्वारा 110 से अधिक डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। किन्तु वर्तमान आयुक्त तरुण राठी द्वारा केवल 70 व्यक्तियों को ही आरोप पत्र जारी किया गया, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि शेष दोषियों को जानबूझकर बचाया जा रहा है।परमार ने कहा कि गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल की तत्कालीन नर्सिंग प्राचार्य राधिका नायर को शासन द्वारा हटाया गया है, लेकिन जिन अन्य अधिकारियों और स्टाफको नोटिस जारी हुए थे, जैसे पूर्व प्राचार्य रोसी शाहुल, डॉ. जितेन्द्र महावर, डॉ. हरिसिंह मकवाना, डॉ. संदीप मर्सकोले, डॉ. वीरेंद्र धुर्वे, एवं नर्सिंग स्टाफ रजनी नायर, प्रियदर्शिनी डेहरिया, दीपिका कुंभारे, राजश्री मालवीय पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

इसी प्रकार, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर के अंतर्गत शासकीय नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य स्टेला पीटर , ईस्टर शीबा एंड्रयूज और आरती तिवारी को भी आरोप पत्र जारी किए गए हैं, फिर भी उन्हें अब तक पद से हटाया नहीं गया है।

# कार के बोनट पर तलवार से केक काटने वाले पहुंचे सलाखो के पीछे

### -जुड़वा भाई है आरोपी, 11 बजे केक काटने के पीछे की बताई अजीब वजह



भोपाल(ए)। गांधी नगर थाना पुलिस ने बीते दिनो एयरपोर्ट रोड पर कार के बोनट पर तलवार से केक काटने के वायरल हुए वीडियो के आधार पर कार्यवाही करते हुए दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जुड़वा भाई हैं, वीडियो के आधार पर की उनकी पहचान ताज कालोनी शाहजहानाबाद में रहने वाले जावेद खॉन के बेटो अरशान खान (19) और अयान खान (19) के रूप में की गई है। हिरासत के दौरान की गई पूछताछ में आरोपी भाईयो ने बताया कि रात 11 बजे केक काटने की खास वजह दोनों के नाम मिलाकर 11 अक्षर बनते हैं। इसलिये वह रात 11 बजे ही उन्होंने खास तौर पर केक काटा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तलवार बरामद की है। इनमें एक प्लास्टिक की नकली तलवार है। पुलिस के मुताबिक बीती 22-23 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एयरपोर्ट रोड पर कारे खडी कर 6-7 लडके तलवार से केक काटकर आतिशबाजी करते दिख रहे थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच की गई। जांच में पता चला की 20 अप्रैल की रात करीब 12.15 बजे एयरपोर्ट ब्रिज पर कारों से आये हुए लडकों ने अपनी कारों को रोड पर खडी कर एक कार की बोनट पर 11 केक रखकर तलवार से केक काटे कारों पर आतिशबाजियां की गई थी। युवको की यह हरकत से वहॉ से गुजरने वाले अन्य वाहन चलाकों के लिये जहॉ खतरनाक हो सकती थी, वहीं कारो को रोड पर खड़ा कर यातायात बाधित किया गया था। पुलि ने अज्ञात युवको के खिलाफ बीएनएस की धारा 270,125,285,3(5) के तहत मामला कायम किया था। दोनो आरोपी जुडवा भाईयो ने बताया की जन्म दिन होने पर उनके दोस्त उन्हें बुलाकर अपने साथ ले गये थे।

## बाइक नहीं कार सवार बदमाशो ने रेपिडो चालक का मोबाइल झपटा

भोपाल(ए)। राजधानी में मोबाइल झपटने की वारदात लगातार बढ़ती जा रही है। अब बाइक सवार ही नहीं बल्कि कार सवार बदमाश भी वादातो को अंजाम दे रहे है। चूनाभट्टी थाना इलाके में शनिवार अलसुबह कार सवार बदमाशों ने रेपिडो चालक से मोबाइल झपट लिया। पुलिस के अनुसार गौरब पिता गोपाल चंद (31) ने बताया की वह नीलगगन कॉलोनी, नीलबड़ में रहते हुए निजी कंपनी में नौकरी करता है। साथ ही रेपिडो बाइक चलाता है। गौरब ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे वह कोलार तिराहा पर खड़े होकर राइड का इंतजार कर रहा था, तभी एक सफेद रंग की कार उसके पास आकर रुकी। उसमें तीन युवक बैठे थे, एक युवक ने कार का कांच खोला और उससे पता पूछने लगा। उसके ध्यान हटने पर आरोपी ने उसके हाथ में पकड़े मोबाइल को झपट लिया। इससे पहले वह कुछ समझ पाता आरोपी मैनिट की तरफ भाग निकले। फरियादी जब तक अपनी बाइक तक पहुंचकर उनका पीछा करता इससे पहले आरोपी तेज स्पीड से काफी दूर तक निकल चुके थे। उसने पुलिस को बताया की कार की नंबर प्लेट पर पट्टी लगी हुई थी। फिलहाल अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान जुटाने के लिये घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले जा रहे है।

# मध्यप्रदेश सेमी कंडक्टर उद्योग का अगला प्रमुख केंद्र बनेगा

भोपाल(ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट उद्योग में एक बड़ा केंद्र बनने के लिए तैयार है। नवीन तकनीकी क्रांति में राज्य अग्रणी भूमिका निभाने और निवेश आकर्षित करने की ओर अग्रसर है। एमपी टेक ग्रोथ कॉनक्लेव-2025 में अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने रविवार को मध्यप्रदेश - सेमीकंडक्टर और ईएसडीएम के लिए अगला गंतव्य विषय पर आयोजित राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस-4 को ब्रिलियंट कंवेंशन सेंटर, इंदौर में संबोधित किया। उन्होंने राज्य की सेमीकंडक्टर नीति एवं प्रदेश सरकार द्वारा निवेशकों को दी जाने वाली वित्तीय एवं गैर वित्तीय सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उद्योगपतियों/निवेशकों ने अपने विचार और सुझाव रखे। इसमें प्रोजेक्ट डायरेक्टर एमपीएसईडीसी गुरु प्रसाद, डॉ. मणि मधुकर, प्रोग्राम लीड, सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम - आईबीएम इंडिया, अभिषेक कुमार, प्रबंध निदेशक (एमडी ) केदारा सहित उद्योगपति/निवेशक उपस्थित रहे।एसीएस श्री दुबे ने कहा कि टियर-2 शहर जैसे इंदौर, भोपाल का तेजी से विकास राज्य की तकनीकी स्थिति को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की विशेष भौगोलिक स्थिति, त्वरित स्वीकृतियाँ, आधुनिक आधारभूत संरचना और प्रगतिशील नीतियाँ तकनीकी विकास को गति दे रही हैं। साथ ही सेमीकंडक्टर कंपोनेंट निर्माण, इलेक्ट्रोनिक उत्पाद विकास और नवाचार और चिप डिजाइन कंपनियों सभी के लिए विशेष सुविधाएं राज्य में प्रदान की जा रही हैं। एसीएस श्री दुबे कहा कि राज्य सरकार आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग




क्लस्टर (ईएमसी ), विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड ) और मजबूत स्टार्ट-अप संस्कृति के जरिये नवाचार को बढ़ावा दे रही है। कॉन्फ्रेंस में निवेशकों ने कहा कि सरकार की सेमीकंडक्टर नीति- 2025बहुत आकर्षक है। राज्य सरकार निवेशकों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रही है।

## प्रदेश में कक्षा एक से 12वीं तक 72 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन

भोपाल(ए)। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अब तक कक्षा एक से 12वीं तक लगभग 72 लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थी निर्धारित कक्षाओं में अपना नामांकन दर्ज करवा चुके हैं। वहीं कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले लगभग 5 लाख विद्यार्थी कक्षा में 6 में तथा कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले करीब 4 लाख 84 हजार से अधिक विद्यार्थी कक्षा 9 में प्रवेश ले चुके हैं। कक्षा एक से 8वीं तक में लगभग 59 लाख 66 हजार से अधिक एवं कक्षा 9 से 12वीं में 12 लाख 73 हजार से अधिक विद्यार्थी अभी तक नये शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 में प्रवेश ले चुके हैं।

# मंत्री श्री सारंग ने बिजली नगर कॉलोनी में पार्क सहित विकास कार्यो का किया भूमि-पूजन



भोपाल (आरएनएस)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 70, बिजली नगर कॉलोनी में पार्क निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। समारोह में मंत्री श्री सारंग ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से पहले नरेला विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। विगत वर्षों में नरेला ने अभूतपूर्व विकास यात्रा तय की है। आज प्रत्येक घर में नर्मदा जल की उपलब्धता, पक्की सड़कों का जाल, आदर्श ड्रेनेज सिस्टम और उच्च गुणवत्ता के थीम पार्क जैसे अनेक विकास कार्य क्षेत्रवासियों को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला आगे भी तेजी से जारी रहेगा। भूमि-पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रहवासियों ने दी आत्मीय शुभकामनाएँ और जताया आभार

मंत्री श्री सारंग का बिजली नगर कॉलोनी स्थित शासकीय विद्यालय के सामने आयोजित समारोह में क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा कर और ढोल-ताशों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया गया। मंत्री श्री सारंग ने क्षेत्रवासियों के प्रेम एवं समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी प्रेरणा शक्ति है।

## एमपी ट्रांसको ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

भोपाल (आरएनएस)। एम. पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता (HRA) के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एम. पी. ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार, दिनांक 3 अप्रैल 2025 के अनुसार, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है।

## ई-केवायसी अनिवार्य, 30 अप्रैल तक जरूर करायें : मंत्री श्री राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। राशन लेने वाले सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि 9 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में ई-केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई लाभार्थी 30 अप्रैल तक अपनी ई-केवायसी पूरी नहीं कराते हैं, तो उसे मई महीने से राशन मिलने में असुविधा हो सकती है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हितग्राही 30 अप्रैल तक ई-केवायसी जरूर करायें।मंत्री श्री राजपूत ने जानकारी दी कि लाभार्थियों की सुविधा के लिए मेरा ई-केवायसी नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी लाभार्थी, चाहे वह वृद्ध, दिव्यांग या सामान्य व्यक्ति हो, घर बैठे अपनी और अपने परिजनों की ई-केवायसी कर सकता है। इसके लिए लाभार्थियों को अपने आधार नंबर और ओटीपी की आवश्यकता होगी। मंत्री श्री राजपूत ने सभी राशन लाभार्थियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी और अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी पूरी करवा लें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया समय पर पूरी करना बहुत जरूरी है ताकि मई से राशन वितरण में रुकावट नहीं आए।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद , उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ला मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रधानमंत्री की ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना





भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ विधानसभा के कुरावर मंडल के ग्राम माना के बूथ क्रमांक 241 में, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने भोपाल से रीवा यात्रा में एवं प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सांची स्तूप स्थित बूथ क्र. 151 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना।

**प्रधानमंत्री जी के ओजस्वी और प्रेरणादायक वचन सभी को प्रेरित करते हैं : डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की ''मन की बात'' कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास पर सुना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देशवासियों से सतत संवाद के अभूतपूर्व माध्यम मन की बात का श्रवण अत्यंत प्रेरणादायक रहा। यह प्रसारण देश को एक सूत्र में पिरोकर सभी देशवासियों के मातृभूति के प्रति समर्पण, सम्मान और स्नेह को राष्ट्रव्यापी स्वरूप प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के ओजस्वी और प्रेरणादायक वचन हमेशा हम सभी को प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'मन की बात' में कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी वारदात ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री जी ने विज्ञान शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में महान वैज्ञानिक डॉ. के कस्तूरीरंगन के योगदान को याद किया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ विधानसभा के कुरावर मंडल के ग्राम माना के बूथ क्रमांक 241 में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं विधायक मोहन शर्मा उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा है कि 'मुझे एहसास है हर भारतीय का खून खौल रहा है, कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेज चल रहे थे, पर्यटक बढ़ रहे थे, कमाई बढ़ रही थी, देश के दुश्मनों को ये रास नहीं आया, हमारी एकता ही आतंक के खिलाफ लड़ाई का आधार बनेगी, मेरा भरोसा रखिए, न्याय मिलकर रहेगा, कठोरतम जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में पूरा देश प्रधानमंत्री जी के साथ है। हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्र सरकार पर पूरा भरोसा है। हमारे नागरिकों का बलिदान किसी भी कीमत पर व्यर्थ नहीं जाएगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने 'मन की बात' कार्यक्रम को भोपाल से रीवा यात्रा के दौरान श्रवण किया। श्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उद्बोधन और मार्गदर्शन सदैव ही प्रेरणास्पद होता है। उनके विचार हमें नई ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करते हैं।

प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रायसेन जिले के सांची स्तूप स्थित बूथ क्र.151 पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री व 'मन की बात' के प्रदेश संयोजक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, पार्टी पदाधिकारी एवं आमजन के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिगंबर जैन महाकुंभ सुमित धाम गांधी नगर इंदौर में संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार कृत संकल्पित- मंत्री श्री कुशवाह

### नवग्रह कॉलोनी में कन्याओं से कराया सीसी रोड का भूमि पूजन

ग्वालियर (आरएनएस)। ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरी बस्तियों के सुनियोजित विकास के लिए कृत संकल्पित है। यह बात सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह रविवार को ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड- 38 में स्थित नवग्रह कॉलोनी के सेक्टर-1 में सीसी रोड का भूमिपूजन करने पहुँचे थे।



नवग्रह कॉलोनी की विभिन्न गलियों में सीसी सड़कों के निर्माण के लिए मंत्री श्री कुशवाह ने अपनी विधायक निधि से 15 लाख रुपए की राशि मंजूर की है। उन्होंने स्थानीय कन्याओं के द्वारा इन सीसी रोड का भूमि पूजन कराया। इस अवसर पर श्री कुशवाह ने कहा कि लश्कर क्षेत्र की सभी बस्तियों में विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## विमान से गिरी अज्ञात सामग्री से पिछोर में मकान क्षतिग्रस्त, सहरिया क्रांति ने मुआवज़े की उठाई मांग

शिवपुरी (आरएनएस)। पिछोर नगर में उस समय सनसनी फैल गई जब आसमान से गिरी अज्ञात विमान सामग्री ने एक मकान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन मकान को भारी नुकसान पहुँचा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि यह मकान उन्होंने वर्षों की मेहनत और जमापूंजी से बनवाया था, जो अब मलबे में तब्दील हो चुका है।

सहरिया क्रांति आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने पत्र जारी कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और प्रशासन से तत्काल उचित मुआवज़े की मांग की। संगठन के प्रमुख संजय बेचैन ने कहा,

पूरा परिवार अभी भी सदमे में है। मेहनत की कमाई से बनाए गए उनके घर का नामोनिशान तक मिट गया है। शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हों और उचित राहत प्रदान करें, ताकि वे दोबारा अपने आशियाने को संवार सकें।

## ले आउट फाइनल, एक महीने बाद किसानों से होगी सीधी बात

### स्थाई कुंभ नगरी के लिए यूडीए ने आगे बढ़ाया कदम
### 2378 हेक्टेयर जमीन पर स्थाई कुंभ नगरी विकसित होगी

उज्जैन (ए.)। सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन में स्थाई कुंभ नगरी बनाने के लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण ने एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। किसानों से सीधी बात कर इस योजना को धरातल पर लाया जाएगा। इस कड़ी में भू राजस्व संहिता की धारा 50(3) का प्रकाशन कर दिया गया है। एक माह बाद किसानों की आपत्तियों का विधिवत निराकरण किया जाएगा। स्थाई कुंभ नगरी का खाका यूडीए द्वारा तैयार किया जा रहा है। इसके लिए ले आउट को फाइनल कर दिया गया है। शुक्रवार को यूडीए प्रशासन ने पूरे लेआउट का बारीकी से अध्ययन किया।

प्राधिकरण द्वारा धारा 50(3) के तहत प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसकी सूचना का प्रकाशन कर प्रभावित होने वाले किसानों से दावे और आपत्तियां मंगाई गई हैं। अधिकारियों के अनुसार किसानों को इसके लिए एक माह का समय दिया गया है। इस अवधि में वे अपनी आपत्तियां और सुझाव दे सकेंगे। एक माह बाद प्राधिकरण प्रशासन इन पर सुनवाई करेगा और इनका निराकरण किया जाएगा।

इसके बाद अगली प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सिंहस्थ के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने उज्जैन में स्थाई कुंभ नगरी बसाने का काम शुरू किया है। कम समय की चुनौती के बावजूद इस ड्रीम प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन पूरी ताकत से काम कर रहा। इससे सिंहस्थ इस बार एक नए स्वरूप में दिखाई देगा और हर बार राज्य के कोष पर पड़ने वाला आर्थिक भार भी दूर हो सकेगा। किसानों को भी इससे काफी फ़ायदा होगा। जमीन के बदले डेवलप जमीन मिलेगी और सरकार से मुआवजा भी मिलेगा।दो हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन पर बनेगी नगरीपक्के और चौड़े रोड बनेंगे और इन्हें सिंहस्थ बाद खत्म नहीं करना पड़ेगा।

## एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा : कार पलटी, मां-बेटी ने तोड़ा दम

रतलाम, । दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेसवे पर एक हृदयविदारक हादसा हो गया। झाबुआ जिले के खवासा चौकी क्षेत्र में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। भीषण दुर्घटना में मां आकांक्षा (34) और दो साल की मासूम बेटी निर्विका की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पिता सौरभ गुप्ता (39) और आठ साल का बेटा आयंश गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना शाम करीब 5:30 बजे हुई जब शिवपुरी जिले के करेरा निवासी गुप्ता परिवार अपनी कार से वड़ोदरा की ओर रवाना हुआ था। सौरभ खुद वाहन चला रहे थे। उनकी पत्नी आकांक्षा आगे की सीट पर बच्ची को गोद में लेकर बैठी थीं, जबकि बेटा पीछे था। खवासा के पास रोड पर अचानक आए पत्थर से कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन डिवाइडर से टकराते हुए लगभग 100 फीट तक घिसटता चला गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार कई बार पलटी और आकांक्षा व मासूम बेटी कार से बाहर फिंक गईं। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को तत्काल रतलाम मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां इलाज के दौरान मासूम बच्ची ने भी दम तोड़ दिया। घटना के बाद सौरभ और उनके बेटे को बेहतर इलाज के लिए रतलाम से इंदौर रेफर किया गया है।

# सड़क पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से बाइक टकराई, तीन की मौत, 1 घायल

### -एक बाइक पर चार लोग विवाह समारोह से लौट रहे थे

उज्जैन (ए.) । एक बाइक पर सवार होकर चार लोग शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे। यहां से देर रात चारों घर लौट रहे थे तभी उन्हेल रोड पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से उनकी बाइक टकरा गई। दुर्घटना में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल है जिसका नागदा में उपचार जारी है।

चिरोलाकलां भाटपचलाना निवासी 17 वर्षीय रोहित पिता भीमा बागरी अपने दोस्त कैलाश मेढ़ा निवासी झाबुआ हालमुकाम चिरोलाकलां, 10 वर्षीय दक्ष पिता प्रकाश व एक अन्य के साथ कडियाली उन्हेल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। उक्त युवकों ने किसी परिचित की बाइक मांगी और शादी में गए थे। रात करीब 8 बजे चारों युवक बाइक से घर लौट रहे थे तभी चिरोलाकलां-राठौरखेड़ी उन्हेल रोड पर खड़े





ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से बाइक टकरा गई। दुर्घटना में रोहित, दक्ष, कैलाश को गंभीर चोटें आई। उनका साथी मामूली घायल हुआ। राहगीरों ने रोहित और दक्ष को उपचार के लिए उज्जैन भेजा। कैलाश मेढ़ा को बड़नगर अस्पताल पहुंचाया और अन्य साथी को नागदा अस्पताल भेजा। उज्जैन में डॉक्टर ने परीक्षण के बाद रोहित और दक्ष को मृत घोषित कर दिया। उधर कैलाश मेढ़ा की भी बड़नगर में मृत्यु हो गई, जबकि उनके साथी का उपचार जारी है।

एक पढ़ाई, दूसरा खेती और तीसरा मजदूरी करता था

परिजन ने बताया कि दक्ष कक्षा 6 में पढ़ाई करता था। रोहित खेती करता था और कैलाश मेढ़ा टेंट पर मजदूरी करता था। चिरोलाकलां के दो लोगों की एक साथ मौत पर गांव में शोक छा गया। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि दो लोगों की उज्जैन व एक की बड़नगर में मौत हुई है। वहां से मर्ग डायरी प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फ़िलहाल ट्रैक्टर रोड पर ही खड़ा है।बदरखां बैरसिया निवासी 57 वर्षीय सुगरबाई पति हुसैन पटेल 21 अप्रैल को अपने भतीजे अमजद के साथ बड़नगर के पास शादी समारोह में शामिल होने गई थी। वहां से बाइक से लौटते समय अज्ञात वाहन ने बड़नगर रोड पर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में सुगरबाई की मौत हो गई। अमजद घायल हुआ। चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है।

## व्यापार समाचार

## मस्क की स्पेसएक्स ने अमेरिकी लेबर एजेंसी के खिलाफ किया मुकदमा

सैन फ्रांसिस्को (ए)। एलन मस्क द्वारा संचालित स्पेसएक्स ने यूएस नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) पर मुकदमा दायर किया है। एजेंसी ने स्पेसएक्स के खिलाफ सीईओ की आलोचना करने के चलते आठ कर्मचारियों को अवैध रूप से निकालने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की थी।

गुरुवार को संघीय अदालत में दायर मुकदमे में स्पेसएक्स ने दावा किया कि एनएलआरबी की कार्रवाई असंवैधानिक है।

अमेरिकी राज्य टेक्सास में दायर मुकदमे में कहा गया है, यह कार्रवाई एनएलआरबी द्वारा स्पेसएक्स को एक प्रशासनिक कार्यवाही के अधीन करने का गैरकानूनी प्रयास है, जो अमेरिकी संविधान के अनुच्छेद 2, पांचवें संशोधन और सातवें संशोधन का उल्लंघन है।

इसमें दावा किया गया कि एनएलआरबी की कार्यवाही स्पेसएक्स के जूरी द्वारा परीक्षण के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन करती है।

अमेरिकी लेबर एजेंसी ने अभी तक मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। लेबर एजेंसी ने आरोप लगाया था कि स्पेसएक्स ने अपने कर्मचारियों की निगरानी की और धमकी दी।

लेबर एजेंसी ने दावा किया कि स्पेसएक्स ने कर्मचारियों के बीच मैसेज के स्क्रीनशॉट को पढ़कर और दिखाकर निगरानी की धारणा बनाई। पिछले साल, स्पेसएक्स कर्मचारियों के एक ग्रुप ने ओपन लेटर लिखा था कि कैसे मस्क का व्यवहार उनके लिए शर्मिंदगी का कारण बनता है।

ओपन लेटर में लिखा था, सार्वजनिक क्षेत्र में एलन का व्यवहार हमारे लिए अक्सर शर्मिंदगी का कारण बनता है, खासकर हाल के हफ्तों में। हमारी टीमों और हमारे टैलेंट समूह को यह साफ करना महत्वपूर्ण है कि उनका मैसेज हमारे काम, हमारे मिशन या हमारे वैल्यू को प्रतिबिंबित नहीं करता है।

## वित्त वर्ष 2026 में भारत के यात्री वाहन की बिक्री नई ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली, (ए)। भारत का यात्री वाहन (पीवी) उद्योग इस वित्त वर्ष में नई ऊंचाई पर पहुंचने के लिए तैयार है, जिसमें घरेलू और निर्यात की बिक्री कुल मिलाकर 5 मिलियन यूनिट को पार कर जाएगी। जबकि, वार्षिक वृद्धि दर धीमी होकर 2-4 प्रतिशत रह जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लगातार चौथा साल है, जब बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, हालांकि कोरोना महामारी के बाद वित्त वर्ष 2023 में 25 प्रतिशत की वृद्धि के बाद से बिक्री में काफी कमी आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, नए लॉन्च, ब्याज दरों में कमी, सीएनजी को अपनाने में वृद्धि और ग्रामीण इलाकों में अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए यूटिलिटी व्हीकल (यूवी) इस वित्त वर्ष में वृद्धि को बढ़ावा देंगे। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, इस वित्त वर्ष में पीवी की वृद्धि दर 2-4 प्रतिशत तक रहेगी, लेकिन यूवी की वृद्धि दर 10 प्रतिशत रहेगी, जिसे नए लॉन्च का सपोर्ट प्राप्त है। यूवी वॉल्यूम का 68-70 प्रतिशत योगदान देगा।उन्होंने कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून और ब्याज दरों में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार की उम्मीद है, जिससे एंट्री लेवल कारों की मांग में सुधार होगा।बेहतर नकदी प्रवाह और मजबूत नकदी अधिशेष मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) को अपने उच्च पूंजीगत व्यय को फंडिंग की अच्छी स्थिति में रखेगा और उनकी बैलेंस शीट मजबूत और क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर रहेगी।पिछले वित्त वर्ष में कुल वॉल्यूम में घरेलू बाजार का योगदान 85 प्रतिशत था, जबकि निर्यात का योगदान बाकी था। फ्यूल मिक्स भी तेजी से विकसित हो रहा है। सीएनजी से चलने वाले पीवी की मांग बढ़ रही है।

# GOOD NEWS! EPFO ने PF ट्रांसफर नियमों को बनाया बेहद आसान और तेज, घर बैठे होगा सारा काम

नई दिल्ली (ए)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने नौकरीपेशा लोगों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब एक नौकरी से दूसरी नौकरी बदलने पर प्रोविडेंट फंड (PF) ट्रांसफर करना और भी आसान और तेज़ हो गया है। EPFO ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन करने और सदस्यों की सुविधा बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं पहले, भविष्य निधि (PF) ट्रांसफर की प्रक्रिया में दो ईपीएफओ कार्यालयों - स्रोत कार्यालय (जहां से पीएफ ट्रांसफर होना है) और गंतव्य कार्यालय (जहां पीएफ ट्रांसफर होना है) - दोनों की मंजूरी की आवश्यकता होती थी। इससे ट्रांसफर में काफी समय लगता था और सदस्यों को परेशानी होती थी। मगर, नई व्यवस्था के तहत अब ज्यादातर मामलों में गंतव्य कार्यालय से अनुमोदन लेने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। EPFO द्वारा विकसित किए गए 'रिवैम्प्ड फॉर्म 13 सॉफ्टवेयर' के माध्यम से, जैसे ही स्रोत कार्यालय से ट्रांसफर क्लेम स्वीकृत होगा, पुराना पीएफ खाता राशि स्वचालित रूप से सदस्य के मौजूदा खाते में ट्रांसफर हो जाएगी। इस बदलाव से





पीएफ ट्रांसफर की प्रक्रिया में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा और ईपीएफओ सदस्यों को सीधा लाभ मिलेगा। इस नई सुविधा में पीएफ राशि के कर योग्य (Ta&able) और गैर-कर योग्य (Non-Ta&able) हिस्से को स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखाया गया है। इससे कर योग्य पीएफ ब्याज पर टीडीएस (TDS) की गणना सटीक तरीके से हो सकेगी। अनुमान है कि इस कदम से हर साल लगभग 1.25 करोड़ सदस्यों को फायदा होगा और करीब 90,000 करोड़ रुपये के पीएफ ट्रांसफर को गति मिलेगी।इसके अलावा, ईपीएफओ ने कुछ विशेष मामलों में, जैसे कि एग्जम्प्टेड ट्रस्ट्स (E&empted Trusts) या अर्ध-न्यायिक/रिकवरी मामलों से जुड़े सदस्यों के लिए, यूएएन (UAN) जनरेट करने और पुराने पीएफ फंड को क्रेडिट करने के लिए आधार की अनिवार्यता में भी छूट दी है। अब एक नई सॉफ्टवेयर सुविधा की मदद से मैंबर आईडी और अन्य विवरणों के आधार पर बड़ी संख्या में यूएएन जनरेट किए जा सकते हैं, जिससे शुरुआत में आधार लिंक न होने पर भी फंड्स को तेज़ी से क्रेडिट किया जा सकेगा। हालांकि, पीएफ राशि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे यूएएन तब तक फ्रीज रहेंगे और उनका इस्तेमाल तभी हो पाएगा जब उन्हें आधार से लिंक कर दिया जाएगा। ईपीएफओ का कहना है कि इन बदलावों से सदस्य सेवाएं और भी बेहतर होंगी, शिकायतों में कमी आएगी और क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया भी काफी सुगम हो जाएगी।

## कॉरपोरेट्स ने 38 सौदों के जरिए भारत में 10.8 मिलियन वर्ग फुट ऑफिस स्पेस के लिए प्रतिबद्धता जताई!

नई दिल्ली (ए)। कॉरपोरेट्स ने अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक छह महीने की अवधि के दौरान लगभग 10.8 मिलियन वर्ग फीट के कुल क्षेत्र को कवर करते हुए करीब 38 ऑफिस स्पेस डील के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई है।

एनारॉक की रिपोर्ट के अनुसार, ये सौदे बेंगलुरु, मुंबई और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की कंपनियों से प्री-कमिटेड हैं।



एनारॉक ग्रुप में कमर्शियल लीजिंग एंड एडवाइजरी के प्रबंध निदेशक पीयूष जैन ने कहा, भारतीय और वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों, दोनों की बढ़ती मांग के साथ-साथ एडवांस टेक इंफ्रास्ट्रक्चर और ईएसजी अनुपालन जैसी वर्कप्लेस की बदलती जरूरतों ने प्री-कमिटेड एक्टिविटी को बढ़ावा दिया है। वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) की बढ़ती संख्या से भी मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है, क्योंकि कंपनियां बड़े, उच्च-गुणवत्ता वाले वर्कप्लेस की तलाश कर रही हैं, जो उनके विशिष्ट पहचान को बनाए रखने में काम आ सकते हैं। 53 प्रतिशत भागीदारी के साथ बेंगलुरु में लगभग 5.7 मिलियन वर्ग फीट प्री-कमिटेड स्थान है। इसके बाद 29 प्रतिशत भागीदारी के साथ मुंबई में 3.1 मिलियन वर्ग फीट और 19 प्रतिशत भागीदारी के साथ एनसीआर में 2 मिलियन वर्ग फीट हैं। तीनों शहर बीएफएसआई और को-वर्किंग सेक्टर्स में बड़ी संख्या में घरेलू कंपनियों और बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) के घर हैं। पिछले दो वर्षों में क्वालिटी ग्रेड ए-प्लस ऑफिस स्पेस की उपलब्धता कम होने के कारण, कई कंपनियों ने प्री-कमिटमेंट सौदों के माध्यम से फ्यूचर ऑफिस को सुरक्षित करने का विकल्प चुना है।

### मारुति सुजुकी इंडिया का चौथी तिमाही का मुनाफा 4 प्रतिशत गिरा, कंपनी ने की 135 रुपए लाभांश की घोषणा

मुंबई ,(ए)। मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 4.29 प्रतिशत घटकर 3,711.1 करोड़ रुपए रह गया। जबकि, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3,877.8 करोड़ रुपए था।

स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, मार्च 2025 की तिमाही में कंपनी का कुल खर्च सालाना आधार पर 8.55 प्रतिशत बढ़कर 37,585.5 करोड़ रुपए हो गया।

हालांकि, कंपनी का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 5.86 प्रतिशत बढ़कर 38,848.8 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 36,697.5 करोड़ रुपए था।

ऑटोमेकर ने कुल आय में भी मामूली वृद्धि दर्ज की, जो तिमाही के दौरान 40,674 करोड़ रुपए रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 38,235 करोड़ रुपए थी।

कंपनी की ईबीआईटीडीए से पहले की कमाई 4,264.5 करोड़ रुपए रही। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा कि ईबीआईटीडीए मार्जिन 10.5 प्रतिशत रहा।

## अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण बनाने वाली कंपनियों को सरकार की प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाने डिजायन टीम बनाने की दी सलाह

नई दिल्ली,(ए)। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली कंपनियों को सरकार की प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाने के लिए डिजायन टीम बनानी होगी और अपने उत्पादों की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर तक पहुंचाना होगा। मंत्री ने यह भी कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जो की विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत कंपनियों की मंजूरी देने से पहले इन दोनों कारकों पर ध्यान दिया जाएगा, हालांकि इसे औपचारिक मानदंड के रूप में नहीं रखा जाएगा।



वैष्णव ने कहा, मैं इस योजना में भाग लेने वाली हर कंपनी से डिजायन टीम बनाने का अनुरोध करता हूं। हालांकि, इसे औपचारिक मानदंड नहीं बनाया गया है, यह एक अनौपचारिक मानदंड के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ कंपनियों ने अपनी डिजायन टीम में 5,000 इंजीनियर शामिल किए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया, यदि आपके पास डिजायन टीम नहीं है और आप सभी आवश्यक मापदंडों को पूरा कर रहे हैं, तब भी हम आपको मंजूरी नहीं देंगे। डिजायन टीम बनानी ही होगी।

इसके साथ ही मंत्री ने उत्पादों की गुणवत्ता पर भी जोर दिया। उन्होंने कंपनियों से आग्रह किया कि वे सिक्स सिग्मा गुणवत्ता स्तर हासिल करें, जो उच्चतम गुणवत्ता और दक्षता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, सिक्स सिग्मा से कम कुछ भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम केवल विनिर्माण की मात्रा पर नहीं, बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता पर भी आपकी प्रगति का मूल्यांकन करेंगे।

### सिक्स सग्मा से आशय?

सिक्स सिग्मा से आशय है एक ऐसी गुणवत्ता प्रक्रिया, जिसका उद्देश्य त्रुटियों को न्यूनतम करना, विविधताओं को दूर करना और गुणवत्ता एवं दक्षता को बढ़ाना है। मंत्री अश्विनी वैष्णव का यह बयान कंपनियों को यह संदेश देता है कि सिर्फ मापदंडों को पूरा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता और बेहतर डिजायन प्रक्रिया पर भी ध्यान देना आवश्यक होगा, यदि वे सरकार की प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाना चाहते हैं।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## पाकिस्तान बौखलाया हुआ

मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले में मुख्य आरोपियों में से एक तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत में प्रत्यार्पित होने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारतीय एजेंसियां इस हमले से संबंधित सभी पहलुओं पर राणा से पूछताछ कर रही हैं।

पूछताछ में हमले में पाकिस्तान की केंद्रीय भूमिका की पुख्ता जानकारी मिल सकती है। इस बीच, पाकिस्तान का कश्मीर को लेकर अनर्गल पलाप जारी है। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले प्रवासी पाकिस्तानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर हमारे गले की नस थी, हमारे गले की नस रहेगी और हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। जनरल मुनीर के इस बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा प्रतिवाद किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। पाकिस्तान को उसे जल्द खाली करना पड़ेगा। लोगों को याद होगा कि पिछले महीने ही संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने साफ शब्दों में कहा था कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जो उसे खाली करना पड़ेगा।

इसके पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी लंदन में एक समारोह में कहा था कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। पीओके पर केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार का यह रुख निरंतर जारी है और अपनी गति पर है। यह बताता है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को भारत वापस लाने के लिए नई दिल्ली वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए प्रयासरत है।


यहां के नागरिक पाकिस्तानी सरकार और सेना के जुल्म से मुक्ति पाने के लिए आंदोलनरत हैं। वे भारत जैसे लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश के साथ रहना चाहते हैं। पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में बन गई है, जो आतंकवाद का केंद्र है। कोई भी सभ्य नागरिक ऐसे देश में रहना नहीं चाहता। इसीलिए वहां के नागरिक पीओके के भारत में विलय की मांग कर रहे हैं। उम्मीद है कि देर-सबेर उनका यह सपना पूरा होकर रहेगा।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित अपने कैंप कार्यालय में सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विसेज की हाई हिमालयन मेडिकल सर्विस को हरी झंडी दिखाई और संजीवनी किट का शुभारंभ किया.

# कांग्रेस में निष्क्रिय नेताओं की संख्या बहुत बड़ी

**अजय तिवारी**



कांग्रेस को कसक है कि उसके पूर्व अध्यक्षों महात्मा गांधी और सरदार पटेल का राजनीतिक फायदा भाजपा उठा रही है। गुजरात के अहमदाबाद अधिवेशन के जरिए पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को यह संदेश भी दिया कि आगे कांग्रेस के इन दोनों नेताओं का फायदा राजनीतिक प्रतिद्विंद्वियों को नहीं उठाने देना है।

अहमदाबाद अधिवेशन का एक मकसद 2027 के गुजरात चुनाव के लिए कांग्रेस को तैयार करना भी था। यही वजह है कि अधिवेशन में गुजरात पर अलग से प्रस्ताव भी लाया गया। प्रस्ताव में गुजरातियों को कुपोषण, नशा, बेरोजगारी से मुक्ति के सपने दिखाए गए हैं। जातिगत जनगणना और पचास प्रतिशत से अधिक आरक्षण देने का भी वादा किया गया है। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा है। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजरुन खरगे ने स्पष्ट कर दिया कि निष्क्रिय और काम नहीं करने वाले नेताओं को रिटायर किया जाएगा। यह राहुल गांधी की ही लाइन है। पहली गाज जिला अध्यक्षों पर गिरेगी। इसकी शुरुआत गुजरात से की जा रही है। गुजरात में इस काम के लिए 42 केंद्रीय पर्यवेक्षक और 182 प्रदेश पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। राहुल गांधी ने रह कर नये जिला अध्यक्ष बनाने की पूरी प्रक्रिया खुद समझाई।

पार्टी ने महसूस किया है कि जिला और बूथ स्तर पर कमजोरियों की वजह से ही वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को शिकस्त नहीं दे पाती है। अहमदाबाद अधिवेशन का बड़ा मकसद पार्टी को जिला और बूथ स्तर पर मजबूत बनाना ही है। राहुल के शब्दों में पार्टी की नींव मजबूत किए जाने की जरूरत है यानी वह भी मान रहे हैं कि पार्टी की नींव हिल गई है। दरअसल, 300 से ज्यादा जिला अध्यक्षों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने अधिवेशन से पहले चर्चा की थी। उन्हें बताया गया था कि उम्मीदवारों के चयन में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रहेगी लेकिन खराब प्रदर्शन पर उन्हें हटाया भी जाएगा।

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल खुद कहते हैं कि जिला अध्यक्षों के साथ ऐसी बैठक 20 साल बाद हुई है। अहमदाबाद अधिवेशन इस बात के लिए भी याद रखा जाएगा कि यह काफी व्यवस्थित था। इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे नेताओं को आयोजन स्थल पर प्रवेश से लगा कर भोजन और ठहरने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। ऐसी दिक्कतें कांग्रेस के आयोजनों में आम बात होती है क्योंकि वहां प्राय: जवाबदेही का अभाव रहता है। कांग्रेस के दिल्ली, उदयपुर और रायपुर के आयोजन शिकायतों से भरे रहे थे और ये शिकायतें कांग्रेस अध्यक्ष के पास तक भी पहुंची थीं। यहां तक कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी और श्रीनगर में भी इंतजामों की कमी थी।

अहमदाबाद अधिवेशन में दूसरे राज्यों से पहुंचे नेता यह देखकर चकित थे कि भाजपाशासित राज्य में पुलिस का रवैया बेहद सहयोगात्मक था। कार्यसमिति बैठक स्थल सरदार पटेल स्मारक, प्रार्थना सभा स्थल साबरमती आश्रम और अधिवेशन स्थल साबरमती रिबरफ्रंट या विमानतल-रेलवे स्टेशन पर किसी कांग्रेस नेता या पत्रकार को पुलिस ने रोका हो ऐसी घटना सामने नहीं आई। अहमदाबाद में कांग्रेस नेता खरगे-राहुल के सड़क किनारे बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगे देख कर भी बाहर से आए नेताओं को आश्चर्य हुआ कि भाजपा की नगर निगम ने इन्हें आयोजन संपन्न होने तक नहीं हटाया!

# फर्जी चिकित्सा के दुष्परिणाम साझा किए जाएं



कुमार समीर

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनियमितताएं किस तरह बेलगाम हो गई हैं, इसका ताजा उदाहरण दमोह के फर्जी डॉक्टर का मामला है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर, किस तरह प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर मध्य प्रदेश के दमोह जिले का यह फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट 'डॉक्टर' एन जॉन कैम सालों से लाचार, परेशान, मुसीबतों के मारे मरीजों का ईलाज कर रहा था? आरोपी 'डाक्टर' का दुस्साहस देखिए कि उसने अपना असली नाम छिपा कर मेडिकल कम्युनिटी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए विदेशी नाम रखा था। दमोह जिले के मिशन अस्पताल में आरोपी डाक्टर का नाम डॉक्टर एन जॉन कैम दर्ज था जबकि उसका असली नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया है जबकि उसके फर्जी दस्तावेज में पत्नी और बच्चों के फेक नाम लिखे हुए हैं।

आरोपी का मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ ऐसे ही बेरोकटोक चलता रहता अगर इसके द्वारा की गई 15 लोगों की हार्ट सर्जरी के दौरान सात लोगों की जान नहीं चली गई होती। इस फर्जी डाक्टर की पहुंच, पहचान कितनी तगड़ी थी, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 15 लोगों के हार्ट की सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने 2006 में एक निजी अस्पताल में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की सर्जरी भी की थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। इसका दावा उनके बेटे ने किया है।

आखिर, इस तरह के लोगों की भनक तक प्रशासन, स्वास्थ्य महकमे को क्यों नहीं लगती। आश्चर्य तो यह है कि ऐसे ज्यादातर मामलों का खुलासा तब होता है जब इनके कारनामे से बड़ा नुकसान हो जाता है। दरअसल, स्वास्थ्य सेवाओं के गोरखधंधे में कई चीजें शामिल हो गई हैं, जैसे कि स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी, नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स। स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी में ऐसे उत्पादों या सेवाओं का दावा करना शामिल है, जो बीमारियों को ठीक करने या रोकने का वादा करते हैं, लेकिन वे सुरक्षित या प्रभावी नहीं होते। बैंकिंग धोखाधड़ी में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों द्वारा धन या सेवाएं प्राप्त करना शामिल है, जैसे कि झूठे दावे प्रस्तुत करना या अधिक बिलिंग करना। नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में गोरखधंधे के उदाहरण हैं।

फर्जी चिकित्सक नकली दवाओं के साथ-साथ जांच भी फर्जी कर रहे हैं। इसके लिए एक मशीन रख ली है, जिस पर हाथ रख कर ही 55 जांच करने का दावा कर रहे हैं। कई लोगों को इतना बीमार बता दिया जाता है कि वे सदमे में आ जाते हैं। लैब से जांच कराई तो सारी जांच गलत निकलती है। बताते चलें कि क्वांटम रेजोनेंस बॉडी हेल्थ एनालाइजर नामक मशीन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रशिक्षित फर्जी चिकित्सकों द्वारा खूब इस्तेमाल की जा रही है। यह मशीन ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मात्र दस से 12 हजार रु पये में मिल रही है। दावा किया जा रहा है कि मशीन में शरीर की 55 जांच महज कुछ मिनटों में हाथ रखने से ही हो जाती है। जांच के नाम पर लोग पैसे तो दे ही रहे हैं, साथ ही अप्रशिक्षित चिकित्सक जांच के आधार पर इलाज तक दे रहे हैं। बिना डिग्री व बिना पंजीकरण वाले डाक्टरों पर अंकुश लगाना सबसे जरूरी है और इसके लिए सबसे पहले बनाना होगा नेशनल मेडिकल पोर्टल। जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। फर्जी डॉक्टरों पर अंकुश लगाने के लिए केवल नियम-कानून बना देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि जनता को ऐसे डॉक्टरों के बारे में सचेत भी करना होगा। आम जन को बताया जाना चाहिए नकली डॉक्टर के खिलाफ शिकायत कहां करें? मेडिकल काउंसिल को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

# भारत की एकता,अखंडता से स्वाधीनता अवलंबित।

## राष्ट्रीय एकता परम आवश्यक।

संजीव ठाकुर,

करीबन आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलत: हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है।वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है।




मेष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में अच्छा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोकझोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

मिथुन राशि: आज आपमें एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। आज आपको नए-नए अनुभव मिलेंगे। मानसिक उलझन का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपको किसी प्रकार के कोर्ट कचहरी के मामले में पड़ने से बचना चाहिए।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगे।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज माता-पिता का सानिध्य व सहयोग मिलने से विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। लवमेट के बीच चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

तुला राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपको सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर समय बिताएंगे। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

धनु राशि: आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान बनाएंगे। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

मकर राशि: आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छुएंगे। ऑटो-मोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जाएगा। आज अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, आपको सफलता मिलेगी।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। कुछ लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे। इस राशि के जो लोग कवि है आज उनकी कविता की तारीफ हो सकती है। आज आपका खर्चा बढ़ेगा, लेकिन इनकम भी होगी।

# हिमाचल की सड़कों पर मौत का तांडव कब थमेगा ?

नरेन्द्र भारती

हिमाचल में सड़क हादसों की लकीर नियति ने बहुत गहरी लिख दी है।सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे है।2025के चार महिनों में हजारो लोग मौत के मुह में समा चुके है। हादसों को देखकर हालात ऐसे बन गए है कि अल सुबह घर से निकले लोग शाम को घर पहुंचेगे इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। सड़क हादसों हर रोज घरों के चिराग बूझ रहे है।बच्चे अनाथ हो रहे है।मातओं व बहनों के सिदूंर मिट रहे है। यह सिलसिला अनवरत जारी है। हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक प्रतिदिन भीषण व दर्दनाक सड़क हादसे होते जा रहे है। एक बार फिर लाशों क़े ढेर लग गए लाशों क़ो ढ़ापने क़े लिए कफ़न कम पड़ गए द्य 25 अप्रैल 2025 को पंडोह में एक कार के खाई में गिर जाने से एक ही परिवार के पांच लोग मौत की नींद सो गए यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ है एक साथ पांच चितायें जलने से हर आँखों से आंसू बह रहे थे शादी का माहौल मातम में बदल गया यह बारात से लौट रहे थे द्य बीते साल 2024में भी बहुत दर्दनाक हादसे हुए थे यह हादसे बदस्तूर जारी हैं द्यआकडों के अनुसार 4 दिसंबर 2023 का काला दिन काल बनकर 11 लोगों क़ो लील गया था द्य तीन सड़क हादसों में कई घरों क़े चिराग़ बुझ गए थे द्य पहला हादसा शिमला जिला क़े सुन्नी में हुआ था जहाँ एक पिकअप गहरी खाई में गिर गई और छः लोगों की मौत हो गई थी मरने वालों में जम्मू कश्मीर क़े चार लोगों की मौत हो गई थी यह चारों एक ही गाँव क़े रहने वाले थे तथा एक हफ्ता पहले ही काम पऱ सुन्नी आये थे द्य दूसरा हादसा ददाहू संगड़ाह मार्ग पऱ एक टिपर खाई में गिर गया था और दो लोगों की मौत हो गई थी और दो लोग घायल हो गए थे द्य तीसरा हादसा मंडी जिले क़े गोहर क़े केलोधार में शादी समारोह में भाग लेकर जंजेहली लौट रहे तीन लोगों की कार खाई में गिर गई और तीनों की मौत हो गई थी और दो घायल हो गए थे इस हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई द्य एक दिन में ग्यारह लोगों की मौत से लोग सदमे में है द्य 2 नवबंर 2023 क़ो करवा चौथ के दिन मंडी व बिलासपुर में दो सड़क हादसों में तीन महिलाओ समेत छह की मौत हो गई थी और आठ लोग घायल हो गए थे यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ था जो असमय ही इतनी जिंदगीयाँ लील गया था द्य करवा चौथ के दिन हुआ यह हादसा कभी नहीं भूलेगा द्य चारों तरफ चीखो पुकार मच गई थी पल भर में लोग चिथड़ों में बदल गए थे द्यभीषण सडक हादसे कब रुकेंगे यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है द्य दर्दनाक हादसे में किसी ने अपना पति तो किसी ने अपनी पत्नी खोई है द्य कोटली व घुमारवीं में हुए इन हादसों से लोग मातम में हैं वर्ष 2018 में शिमला से 130 किलोमीटर दूर मुगंरा में एक वाहन के खाई में गिरने से 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी ।हादसें में मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार के थे मरनेवालों में ज्यादातर चिड़गांव के गावों के थे । मरने वालों में चार महिलाएं आठ पुरुष व एक बच्ची थी । मृतक आपस में करीबी रिश्तेदारथे ।मौत के इस दर्दनाक मंजर में हुई इन अकाल मौतों से हर हिमाचली गमगीन हुआ था ।यह लोग हाटकोटी से उतराखंड में मदिर दर्शन को जा रहे थे ।मगर मंदिर पहुचने से पहले ही काल के गाल मे समा गए। हर रोज सड़के खून से लाल हो रही है लाशो के ढेर लग रहे है।लापरवाही से घरों के चिराग असमय बुझते जा रहे हैं। परिवार के परिवार खत्म हो रहे है।लाशो के अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे है।हजारो लोग तामउम्र हादसों का दंश झेल रहे है।पल भर में जीता-जागता आदमी लाशों के चिथड़ों में तब्दील हो रहा है।बच्चे अनाथ हो रहे है।प्रदेश में प्रतिदिन हो रहे इस मौत के ताडव को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होगें। इन सड़क हादसों से हर हिमाचली उद्वेलित है। गत वर्ष शिमला के रामपुर के खनेरी में पास बस के खाई में गिर जाने से 28 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। कांगडा के देहरा के ढलियारा में श्रध्दालुओं की एक बस खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई र्थी और 45 के लगभग बुरी तरह से घायल हो गए थे।बस 200 मीटर गहरी खाई में गिरी थी। प्रदेश में हर रोज हादसों का सिलसिला जारी है। प्रतिदिन भीषण हादसे होते जा रहे है ।प्रदेश में एक दिन में 13 लोगों की मौतें बहुत ही दुखद है। प्रदेश में ऐसा कोई दिन नहीं होता जब किसी की सड़क हादसे में मौत न हुई हो हादसों का यह क्रम लगातार जारी है। सबक न सीखना लोागों की आदत बन गया है इतने हादसे हो रहे है मगर सुधार शून्य ही है।इस पर मंथन करना होगा। जनवरी 2023से लेकर अक्टूबर 2025 के चार महिनों में हजारों हादसे हो चुके है और हजारों लोग मारे जा चुके है और यह सिलसिला थमनें का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले कई भीषण हादसे हो चुके है।कुछ साल पहले भीषण हादसा मंडी के झिड़ी में हुआ था जब एक निजि बस चालक की लापरवाही के कारण 40 से अधिक लोगों की असमय मौत हो गई थी। व्यास नदी में गिरी इस बस में लगभग 70 सवारियां सवार थी। चालक कथित तौर पर मोबाईल फोन पर बात कर रहा था कि बस अनिंयत्रित हो गई और नदी में समा गई। पल भर में ही यात्री लाशों में तब्दील हो गये। गनीमत रही कि राफटिंग दल ने जान जोखिम में डालकर 17 लोगों की जिदंगियां बचा ली नही तो मरने वालों का आंकडा 60 हो जाता यह हादसा नहीं सरासर हत्या थी कि चालक ने खुद छलांग लगाकर यात्रियों को असमय मौत के मुहं में धकेल दिया। बीते हादसों से न तो यात्रियों ने सबक सीखे और न ही प्रशासन ने कोई सबक सीखा ।अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर हादसे ओवरलोडिगं के कारण होते है क्योकि इस 42 यात्रियों कि क्षमता वाली बस में 70 यात्री सफर कर रहे थे। कांगडा के आशापुरी में तथा बिलासपुर केे बंदला में भी ऐसे भीषण हादसे हो चुके हैं। अप्रैल माह में चंबा में भी 12 यवकों की मौत हो गई थी। हमीरपुर में भी मजदूर दिवस के दिन एक टाटा सूमों के खाई में गिरने से 10 मजदूरों की मृत्यु हो गई थी।बीते 2024 में इतने बड़े-बड़े हादसे हुए मगर इसमें सुधार नहीं हुआ।आखिर कब थमेगा यह मौत का मंजर इसका जबाव प्रशासन को देना होगा। प्रतिवर्ष हजारों लोग हादसों का शिकार होते है तथा इतने ही घायल होते है लोग असमय काल के गाल में समाते जा रहे हैं मगर हालात सुधरने के बजाए बिगड़ते ही जा रहे है लोग बीते हादसों को कैसे भूल जातें है हिमाचल में हर रोज लापरवाही के कारण लोगों को मौत नसीब हो रही है अगर लोग जरा सी सावधनी बरते तो हादसों को रोका जा सकता है और अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है।







सोमवार 28 अप्रैल 2025,नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5

# दिल्ली समेत उत्तर भारत में भीषण गर्मी का कहर, झारखंड में 'ऑरेंज अलर्ट'; कई राज्यों में बारिश और आंधी के आसार



नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, रविवार को दिल्लीवासियों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ेगा, जबकि पूर्वोत्तर भारत में 27 अप्रैल तक भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। 26 से 29 अप्रैल के बीच पूर्वी और मध्य भारत में गरज, बिजली, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के साथ बारिश का नया दौर शुरू होगा। वहीं, उत्तर-पश्चिम भारत और इसके आसपास के मैदानी इलाकों में 30 अप्रैल तक लू चलने की आशंका है। शनिवार को दिल्ली में पिछले तीन वर्षों का सर्वाधिक तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 2022 में तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। वहीं, पंजाब और हरियाणा में भीषण गर्मी का कहर जारी है। पंजाब के बठिंडा में (43.9एष्ट), पटियाला में (42.8एष्ट), लुधियाना में (41.3एष्ट) और हरियाणा के रोहतक में (43.6एष्ट), हिसार में (41.5एष्ट), सिरसा में (42एष्ट) और भिवानी में (41.7एष्ट) डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है।

### आने वाले दिनों में राहत

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में हल्की बारिश और आंधी की संभावना है, जिससे गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मई के पहले सप्ताह में और अधिक आंधी-बारिश की गतिविधियों की उम्मीद है। झारखंड के 13 जिलों में 26-27 अप्रैल के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है।

## मन की बात : पीएम मोदी ने दी डॉ. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि, स्पेस स्टार्टअप की दी जानकारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिक डॉ. के कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में इसरो को नई पहचान मिली और उनकी देखरेख में लॉन्च हुए सैटेलाइट्स ने भारत को वैश्विक मान्यता दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, दो दिन पहले हमने देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के कस्तूरीरंगन को खो दिया है। जब भी कस्तूरीरंगन जी से मुलाकात हुई, हम भारत के युवाओं के टैलेंट, आधुनिक शिक्षा, स्पेस साइंस जैसे विषयों पर काफी चर्चा करते थे। विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में इसरो को एक नई पहचान मिली। उनके मार्गदर्शन में जो स्पेस प्रोग्राम आगे बढ़े, उससे भारत के प्रयासों को ग्लोबल मान्यता मिली। आज भारत जिन सैटेलाइट्स का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में ही लॉन्च की गई थीं।डॉ. के कस्तूरीरंगन के व्यक्तित्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तित्व की एक और बात बहुत खास थी, जिससे युवा पीढ़ी उनसे सीख सकती है। उन्होंने हमेशा इनोवेशन को महत्व दिया। कुछ नया सीखने, जानने और नया करने का विजन बहुत प्रेरित करने वाला है। कस्तूरीरंगन ने देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। वह 21वीं सदी की आधुनिक जरूरतों के मुताबिक दूरगामी शिक्षा का विचार लेकर आए थे। देश की निस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि इसी महीने अप्रैल में आर्यभट्ट सैटेलाइट की लॉन्चिंग के 50 वर्ष पूरे हुए हैं। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, 50 वर्षों की इस यात्रा को याद करते हैं, तो लगता है हमने कितनी लंबी दूरी तय की है।




कोलकाता में पशु क्रूरता के खिलाफ एक पशु अधिकार कार्यकर्ता ने किया विरोध प्रदर्शन।

## अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर, (आरएनएस)। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ग्राम छुईहा निवासी उत्तरा कुमार धृतलहरे 33 वर्ष ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 22 जे 9137 को सड्डू स्थित लेबर क्वाटर बंजरपारा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में ग्राम धमनी निवासी प्रार्थी लेखपाल यादव 29 वर्ष ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 1757 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।



अफगानिस्तान के अंतरिम विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने काबुल में भारतीय विदेश मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि और अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान प्रभाग के महानिदेशक आनंद प्रकाश से मुलाकात की।

## फिटजी घोटाले में 15 हजार स्टूडेंट्स से 250 करोड़ रुपये की ठगी, ED की जांच में हुआ बड़ा खुलासा

लखनऊ(आरएनएस)। फिटजी कोचिंग संचालकों ने विभिन्न राज्यों के 14,411 छात्र-छात्रों से एडवांस फीस के रूप में 250.02 करोड़ रुपये जमा कराए थे और जनवरी माह में बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कोचिंग सेंटर बंद कर दिए थे। श्वष्ठ की जांच में यह भी सामने आया है कि छात्रों से शैक्षणिक सत्र 2028-29 तक की एडवांस फीस जमा कराई गई थी। इनमें वर्तमान में चल रहे बैचों के छात्र-छात्राओं से लगभग 206 करोड़ रुपये जमा कराए गए थे।ईडी ने दिल्ली में कोचिंग संचालक डीके गोयल के वसंत विहार स्थित आवास समेत अन्य स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज, 10 लाख रुपये नकद व 4.89 करोड़ रुपये के जेवर जब्त किए हैं। फिटजी के 32 कोचिंग सेंटर बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक बंद कर दिए गए थे। ईडी के अनुसार छानबीन में सामने आया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के 9,823 छात्र-छात्राओं से 181.89 करोड़ रुपये, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के 3,316 छात्र-छात्राओं से 47.48 करोड़ रुपये, शैक्षणिक सत्र 2027-28 के 1,008 छात्र-छात्राओं से 17.07 करोड़ रुपये तथा शैक्षणिक सत्र 2028-29 के 264 छात्र-छात्राओं से 3.76 करोड़ रुपये बतौर फीस जमा कराए गए थे।

# भारतीय नौसेना ने की एंटी-शिप फायरिंग, कहा किसी भी मुकाबले के लिए तैयार

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय नौसेना राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा के लिए किसी भी समय, कहीं भी और किसी भी प्रकार से मुकाबले के लिए तैयार है। अपनी यही तैयारी प्रदर्शित करते हुए नौसेना ने सफलतापूर्वक एंटी-शिप फायरिंग की है। यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया गया। नौसेना की इस एंटी-शिप फायरिंग ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुन: प्रमाणित किया है।

रविवार को नौसेना ने बताया कि चालक दल की तत्परता को प्रदर्शित करने के लिए उन्होंने कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की हैं। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार हैं।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं, जिनमें एक नौसेना अधिकारी भी थे। ये सैन्य अधिकारी भी अन्य सैलानियों की भांति परिवार के साथ छुट्टियां बिताने जम्मू-कश्मीर गए थे। मंगलवार को आतंकवादियों ने यहां पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और पर्यटकों का नाम पूछ-पूछकर आतंकियों ने उन पर गोली चलाई।

जम्मू-कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर ही भारत ने अपने शत्रुओं को एक सख्त संदेश देते हुए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण मिसाइल परीक्षण किया था। यह मिसाइल परीक्षण भारतीय नौसेना ने अपने डिस्ट्रॉयर आईएनएस सूरत पर अरब सागर में किया था। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी थी। नौसेना के मुताबिक इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की।

## पहलगाम आतंकी हमले पर बोलीं दिव्या दत्ता, 'घटना दिल दहलाने वाली, हम खड़े हैं देश के साथ

मुंबई, (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशवासियों में आक्रोश व्याप्त है। फिल्म इंडस्ट्री के सितारे भी आतंकियों की कायराना हरकत की कड़ी निंदा करते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की और घटना को 'दिल दहला देने वाला' बताते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की।

एक कार्यक्रम में शामिल हुईं दिव्या दत्ता ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, पहलगाम में जो हुआ वह बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। इस मुश्किल समय में हम अपने देश के साथ खड़े हैं।इससे पहले अभिनेत्री अनु अग्रवाल ने भी आईएएनएस से बात की और पहलगाम हमले पर दुख जताया। अनु ने कहा, मुझे बहुत दुख हो रहा है और मैं उन लोगों के प्रति अपना पूरा समर्थन व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इस आतंकवादी हमले में अपनों को खोया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उठाए कदम को सही बताते हुए उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आतंकियों को उनकी कल्पना से भी बढ़कर सजा दी जाएगी। जाहिर है, ऐसी घटना के बाद कोई भी चुप नहीं रहेगा।

# तेज गति से चल रहा गंगा एक्सप्रेसवे पर कार्य, करीब 80 प्रतिशत निर्माण पूरा

लखनऊ (आरएनएस)। मेरठ से प्रयागराज तक बनाए जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है और इस एक्सप्रेसवे का 79 प्रतिशत निर्माण पूरा हो जा रहा है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की ओर से दी गई।

यूपीडा के मुताबिक, गंगा एक्सप्रेसवे का अर्थ वर्क 99 प्रतिशत पूरा हो चुका है। ग्रेन्यूलर सब बेस (जीएसबी) का कार्य 85 प्रतिशत और डेंस बिटुमिनस मैकाडम (डीबीएम) का कार्य 82 प्रतिशत पूरा हो गया है।

इस 594 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे में से 464 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण अदाणी



समूह द्वारा किया जा रहा है। फिलहाल इस एक्सप्रेसवे को छह लेन का बनाया जा रहा है। भविष्य में इसे आठ लेन का भी बनाया जा सकता है।

गंगा एक्सप्रेसवे दिल्ली-एनसीआर में मौजूद और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ को यूपी के पूर्वी छोर पर मौजूद प्रयागराज से जोड़ेगा। दक्ष इंजीनियरों की टीम अत्याधुनिक तकनीक से कार्य कर रही है। भारत के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मॉडल पर बनाया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में शामिल है।अदाणी समूह द्वारा तैयार किए जा रहे 464 किलोमीटर लंबे हिस्से को तीन भागों में बांटा गया है, जिसमें बदायूं से हरदोई तक 151.7 किलोमीटर, हरदोई से उन्नाव तक 155.7 किलोमीटर और उन्नाव से प्रयागराज तक 157 किलोमीटर के खंड शामिल हैं। इन सभी खंडों पर तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## एयर फोर्स के अफसरों ने बस्तर में अग्निवीर वायुसेना भर्ती प्रक्रिया की दी जानकारी, युवाओं में जोश

जगदलपुर,(आरएनएस)। भारतीय वायुसेना की अग्निपथ योजना के अंतर्गत बस्तर जिले में अग्निवीर वायु सेना भर्ती को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में 21 से 25 अप्रैल तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में एयर फोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों सुशांत सिंह और आनंद कुमार ने विभिन्न उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को भर्ती प्रक्रिया से लेकर सैन्य जीवन के अनुभवों तक की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अभियान की शुरुआत 21 अप्रैल को शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जगदलपुर से हुई, जिसके बाद 22 अप्रैल को सेजेस लोहांडीगुडा , 23 अप्रैल को सेजेस बकावंड, 24 अप्रैल को सेजेस बस्तर, और 25 अप्रैल को सेजेस तोकापाल में कैंप आयोजित किए गए। प्रत्येक स्थान पर 100 से 200 विद्यार्थियों के समूहों को प्रशिक्षित किया गया। एयर फोर्स अधिकारियों ने युवाओं को अग्निवीर वायु बनने की पात्रता, चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण, वेतन-भत्ते, करियर ग्रोथ और अनुशासन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के विद्यार्थियों को अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया।

## 28 वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या, 6 नाबालिगों ने दिया वारदात को अंजाम; वजह उड़ा देगी होश




नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के भजनपुरा इलाके के सुभाष मोहल्ला में शुक्रवार रात एक युवक की बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोप में 13 से 15 वर्ष की आयु के छह नाबालिगों को हिरासत में लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने जो खुलासा किया, वह और भी चौंकाने वाला है; उन्होंने बताया कि वे केवल अपराध की दुनिया में अपनी 'पहचान' बनाने के लिए किसी 'कमजोर लक्ष्य' की तलाश में थे।

पुलिस के मुताबिक, 25 अप्रैल की रात करीब 9:31 बजे उन्हें सूचना मिली कि सुभाष मोहल्ला में एक व्यक्ति घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा है। पुलिस टीम के मौके पर पहुँचने से पहले ही स्थानीय लोग घायल शाकिर (28 वर्षीय) को जीटीबी अस्पताल ले जा चुके थे, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाकिर सुभाष मोहल्ला, घोंडा का रहने वाला था और दोना-पत्ते बनाने का काम करता था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। क्राइम टीम और फोरेंसिक साइंस लैब की टीमों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिससे उन्हें अहम सुराग हाथ लगे।

सीसीटीवी फुटेज और अन्य जानकारियों के आधार पर पुलिस ने छह नाबालिगों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ में इन किशोरों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि वे उस रात गली में किसी आसान शिकार की तलाश में घूम रहे थे ताकि किसी वारदात को अंजाम देकर वे अपराध जगत में अपना नाम कमा सकें। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।

पुलिस ने इस मामले में अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5) भी जोड़ी है। पुलिस का कहना है कि वे मामले की गहन जांच कर रहे हैं ताकि वारदात के अन्य सभी पहलुओं का पता लगाया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसमें कोई और शामिल न हो। इस घटना ने एक बार फिर किशोरों में बढ़ती आपराधिक प्रवृत्ति और उसके पीछे के कारणों पर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

## करोड़ों की साइबर ठगी का पर्दाफाश, दिल्ली से तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, (आरएनएस)। रायपुर रेंज साइबर थाना की टीम ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत एक बड़ी सफ्लता हासिल करते हुए दिल्ली से तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी साइबर ठगी से प्राप्त रकम को फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से थाईलैंड और चीन भेजने में शामिल थे। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में तकनीकी उपकरण, फर्जी दस्तावेज, आधार कार्ड, और साइबर ठगी से अर्जित संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। दरअसल, डॉक्टर प्रकाश गुप्ता नामक प्रार्थी ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शेयर ट्रेडिंग के नाम पर उनसे 11 लाख रुपये की ठगी की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपी गई। पूर्व में दिल्ली से पवन सिंह, गगनदीप शर्मा, राजवीर सिंह, और संदीप रात्रा को गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण से तीन और मुख्य आरोपियों की पहचान की गई, जिनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम दिल्ली भेजी गई। टीम ने दिल्ली के तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर आरोपी हिमांशु तनेजा 29 वर्ष निवासी शालीमार बाग, वेस्ट दिल्ली, गणेश कुमार 37 वर्ष निवासी जनकपुरी व अंकुश 26 वर्ष निवासी मसूदपुर साउथ वेस्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये लोग फर्जी कंपनियों के नाम से बैंक खाते खोलते थे और फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर ठगी की रकम विदेश भेजते थे, जिसे बाद में अन्य माध्यमों से वापस प्राप्त कर लिया जाता था।

# सिरसा : साइक्लोथान 2.0 का समापन, सीएम सैनी बोले- 'धाकड़ हरियाणा नशे के खिलाफ एक दीवार बनकर खड़ा हो गया है'

सिरसा, (आरएनएस)। हरियाणा सरकार की नशा मुक्ति पहल के तहत शुरू हुई साइक्लोथान 2.0 के अंतिम दिन मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंच से नशे के खिलाफ एकजुट होने की सलाह प्रदेशवासियों की दी। उन्होंने दावा किया कि ये एक सामाजिक आंदोलन है जिसने लोगों को जागरूक किया है। यह अभियान 5 अप्रैल को हिसार से शुरू हुआ था।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज सिरसा में हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथान को रवाना किया। यह यात्रा सिरसा से शुरू होकर ओढ़ा में समाप्त हुई। इस अभियान में 50 हजार से ज्यादा साइकिल सवार हिस्सा लिया, जिनमें युवा, बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल थे। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नशा मुक्ति के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होने की जरूरत है।

उन्होंने कहा , साइक्लोथान 2.0 न केवल एक साइकिल यात्रा है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन है, जो युवाओं और समाज को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहा है।

उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी इस साइक्लोथॉन यात्रा ने नशे को पूरी तरह से कमजोर किया है। इसके अलावा, जिस तरह से इस यात्रा में हरियाणा के एक-एक शख्स ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, उससे यह साफ जाहिर होता है कि हमारा यह धाकड़ हरियाणा नशे के खिलाफ एक दीवार बनकर खड़ा हो गया है। अब इस नशे का कोई स्थान हरियाणा में नहीं है। अब हमें इस दिशा में और ज्यादा गति से काम करना होगा।

उन्होंने कहा, अगर हम इस तेज गति से काम करेंगे, तो निश्चित तौर पर हम हरियाणा को नशा मुक्त बना देंगे। इसकी शुरुआत हम अपनी तरफ से कर सकते हैं। इसकी शुरुआत हमें अपने घर से करनी होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे घर, गली मोहल्ले का कोई भी व्यक्ति नशे में संलिप्त ना हो। इस दिशा में हमने हरियाणा में कई पहल किए हैं, जिसे जल्द ही जमीन पर उतारा जाएगा।

उन्होंने कहा, हमने हरियाणा के कई हॉस्पिटल में नशे को लेकर एक अलग से वार्ड बनाए हैं, जिसमें लोगों को नशे से छुटकारा दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। हमारे समाज में जो लोग नशा कर रहे हैं, हमें उनसे दूरी नहीं बनानी है, बल्कि हमें उन्हें नशे से मुक्ति दिलानी है।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इस यात्रा से आने वाले दिनों में हरियाणा में सार्थक परिणाम आएंगे। यह नशा प्रदेश के विकास की गति को रोकता है। अगर कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में आता है, तो इससे केवल वो शख्स ही नहीं, बल्कि उसका पूरा परिवार इससे प्रभावित होता है।बता दें कि साइक्लोथान 2.0 हरियाणा सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत नशे की लत से समाज को मुक्त करने का संदेश दिया जा रहा है। हिसार से शुरू हुई यह यात्रा पिछले 22 दिनों में कई शहरों और गांवों से गुजरी, जहां हजारों लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। साइकिल सवारों ने फिटनेस की अहमियत बताने के साथ ही नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में भी योगदान दिया।

# करिश्मा तन्ना ने इंस्टाग्राम पर शेयर की लेटेस्ट फोटोज, फैंस ने नेचुरल ब्यूटी का दिया टैग



मशहूर एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना अपनी खूबसूरती को लेकर हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। एक बार फिर उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा।

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई फोटोज में करिश्मा डेनिम जींस और वाइट टॉप में नजर आ रही हैं। वह सभी फोटोज में बैठे हुए शानदार पोज दे रही हैं और अपने फेस एक्सप्रेशन से कहर ढा रही हैं। एक्ट्रेस की यह फोटोज अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोग उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर कमेंट्स कर रहे हैं।

### एक यूजर ने लिखा- लवली

दूसरे यूजर ने कमेंट में लिखा- उफ्फ! तुम्हारी मदहोश आंखें

एक अन्य यूजर ने लिखा- नेचुरल ब्यूटी

एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो करिश्मा तन्ना छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने 2001 में टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अपने करियर की शुरुआत की। वह बाल वीर, नागिन 3, कयामत की रात जैसी टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कई फिल्में भी की हैं, जिसमें दोस्ती: फ्रेंड्स फॉरएवर, ग्रैंड मस्ती, संजू जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा, वह ओटीटी में भी किस्मत आजमा चुकी हैं। उन्होंने वेब सीरीज करले तू भी मोहब्बत और स्कूप में भी काम किया है।

वह रियलिटी शो बिग बॉस 7 की रनर-अप रहीं। उन्होंने झलक दिखला जा और खतरों के खिलाड़ी जैसे रियलिटी शोज भी किए। वह खतरों के खिलाड़ी 10 की विजेता रही हैं। तन्ना अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। साल 2022 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा से शादी की। वरुण बंगेरा एक बिजनसमैन हैं और वीबी क्रॉप नाम की कंपनी के डायरेक्टर हैं। दोनों पहली बार कॉमन फ्रेंड सुवेद लोहिया की पार्टी में मिले थे। तकरीबन दो साल तक डेट करने के बाद दोनों 5 फरवरी 2022 को शादी के बंधन में बंध गए।

### तिग्मांशु की ब्लैक व्हाइट एंड ग्रे- लव किल्स का ट्रेलर जारी, 2 मई को सोनी लिव पर होगी रिलीज

सोनी लिव की नई डॉक्यू-ड्रामा ब्लैक, व्हाइट एंड ग्रे - लव किल्स का रोमांचक ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिस पर अब प्रशंसक लगातार अपनी राय शेयर कर रहे हैं।


यह शो 2 मई को सोनी लिव पर रिलीज किया जाएगा। यह एक पत्रकार डेनियल गैरी की कहानी है, जो हत्याओं के रहस्य को सुलझाने की कोशिश करता है। इस दौरान वह भ्रष्टाचार और सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों को उजागर करता है, जो सच्चाई और न्याय के सवाल उठाता है।

अभिनेता मयूर मोरे इस शो में अहम किरदार निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे करियर का सबसे खास अनुभव रहा। यह कहानी आपको अपराध की दुनिया में ले जाती है और गहरे सवालों के बारे में सोचने पर मजबूर करती है। मेरा किरदार एक ऐसी जगह से है जहां विकल्प कम और जिंदगी मुश्किल है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे और कहानी पर सोचेंगे।

# उलझन में वामिका गब्बी, खुद ही बोल पड़ीं- आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है

*बॉलीवुड एक्ट्रेस वामिका गब्बी अपनी अपकमिंग फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर फैंस जितना उत्सुक हैं, उतना ही एक्साइटेड वह अभिनेत्री की पोस्ट को लेकर भी दिखाई देते हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की और लिखा कि वह थोड़ी कंफ्यूज्ड हैं।*

वामिका ने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका क्लोज-अप शॉट है। वामिका ने ब्लैक कलर का टॉप पहना हुआ है और बालों को खुला छोड़ा हुआ है।



इन फोटोज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है पर दिल में प्यार बरकरार है। कैप्शन में उन्होंने वाइट हार्ट और पिंक फ्लावर इमोजी का भी इस्तेमाल किया है।

भूल चुक माफ के बारे में बात करते हुए, मेकर्स ने फिल्म का हाल ही में नया गाना चोर बाजारी फिर से रिलीज किया, जिसमें वामिका राजकुमार संग रोमांस करती नजर आईं। इस गाने को सुनिधि चौहान और नीरज श्रीधर ने गाया है। वहीं, कंपोज प्रीतम और तनिष्क बागची ने किया है। यह गाना सैफ अली खान की फिल्म लव आज कल के सॉन्ग चोर बजारी का रीमेक है, जिसमें वह दीपिका पादुकोण के साथ नजर आए थे। फिल्म में राजकुमार रंजन तिवारी और वामिका गब्बी तितली मिश्रा के किरदार में हैं। दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक है।गाने को लेकर वामिका गब्बी ने कहा, चोर बाजारी फिर से एक बेहतरीन गाना है! इसमें ड्रामा है, डांस है और हर बीट में तितली की मजेदार शरारत है। मुझे लगता है कि दर्शकों को गाने में रंजन और तितली की मस्ती पसंद आएगी। यह मजेदार है!फिल्म में राजकुमार और वामिका के अलावा जाकिर हुसैन, रघुबीर यादव, संजय मिश्रा और सीमा पाहवा लीड रोल में नजर आएंगे। इसका निर्देशन करण शर्मा ने किया है।

# अपारशक्ति खुराना- निकिता दत्ता स्टारर फर्स्ट साइट वाला लव म्यूजिक वीडियो रिलीज



अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना और अभिनेत्री निकिता दत्ता स्टारर फर्स्ट साइट वाला लव के साथ पहली नजर में हुए प्यार की कहानी को पेश कर रहे हैं। म्यूजिक वीडियो को निर्माताओं ने लॉन्च कर दिया है।

'फर्स्ट साइट वाला लव' उस एहसास की एक झलक है, जब आपका प्यार या जीवनसाथी एक ही नजर के बाद मिल जाता है। अपारशक्ति खुराना के गाए गए इस गाने को कंपोज भी उन्होंने ही किया है। खास बात है कि गीत भी खुराना ने ही तैयार किया है। अर्श ग्रेवाल के निर्देशन में बने म्यूजिक वीडियो का निर्माण मीर देसाई ने किया है।

गाने के बारे में अपारशक्ति खुराना ने कहा, फर्स्ट साइट वाला लव मेरे लिए खास है, क्योंकि यह उस पल को कैद करता है, जब आप किसी को देखते हैं और कुछ क्लिक हो जाता है - आपके कुछ बोलने से पहले ही एक रिश्ता सा जुड़ जाता है। यह किताबों के प्रति प्रेम पर आधारित 'कुड़िये नी' का प्रीक्वल है और आज विश्व पुस्तक दिवस भी है!

अपारशक्ति ने बताया कि वह अपने म्यूजिक वीडियो की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं।

अपारशक्ति ने इस साल जनवरी में म्यूजिशियन रोचक कोहली के साथ मिलकर 'सोड़ा मुखड़ा' रिलीज किया है। गाने में अपारशक्ति के साथ अभिनेत्री अनुपमा परमेश्वरन हैं। अपारशक्ति की आवाज में सजे इस गाने का निर्देशन ध्रुव पटेल और जिगर मुलानी ने किया है।

गाने को लेकर अपारशक्ति ने बताया, टी-सीरीज के साथ मेरे सहयोग को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, वे इसे पसंद कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे खूब पसंद करेंगे।

अपारशक्ति खुराना गायन के साथ ही अभिनय में भी माहिर हैं। वह कई शो को होस्ट भी कर चुके हैं। इसके साथ ही वह आमिर खान स्टारर 'दंगल', राजकुमार राव-श्रद्धा कपूर की 'स्त्री', 'पति पत्नी और वो', 'जुबली', और कार्तिक आर्यन-कृति सेनन स्टारर 'लुका छुपी' जैसी फिल्मों में भी अहम भूमिकाओं में नजर आ चुके हैं।

## केसरी वीर से सुनील शेट्टी की नई झलक आई सामने, बलिदान और विरासत की अमर गाथा पर आधारित है मूवी

बॉलीवुड के दमदार अभिनेता सुनील शेट्टी एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपने एक्शन अवतार में लौट रहे हैं, लेकिन इस बार एक ऐतिहासिक योद्धा के रूप में। उनकी आने वाली फिल्म 'केसरी वीर: लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' न केवल एक भव्य पीरियड ड्रामा है, बल्कि भारतीय इतिहास के गौरवशाली और वीरतापूर्ण अध्याय को जीवंत करने की कोशिश भी है।




फिल्म में सुनील शेट्टी एक निडर योद्धा 'वेगड़ा जी' की भूमिका निभा रहे हैं, जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए आखिरी सांस तक लड़ता है। हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में उनका लुक रौंगटे खड़े कर देने वाला है—हाथ में खून से लथपथ कुल्हाड़ी, चेहरे पर युद्ध की आग और पीछे मैदान में गूंजता युद्ध का माहौल, जिसमें सोमनाथ मंदिर की गरिमा दमक रही है।

इस फिल्म की खास बात है इसकी बेहतरीन स्टारकास्ट। जहां सूरज पंचोली एक युवा राजपूत राजकुमार वीर हमीरजी गोहिल के रूप में उभरते नायक के रोल में दिखाई देंगे, वहीं विवेक ओबेरॉय शक्तिशाली खलनायक 'ज़फ़र' की भूमिका में रोमांच पैदा करेंगे। पहली बार पर्दे पर नजर आ रहीं आकांक्षा शर्मा सूरज के किरदार के साथ एक गहरी भावनात्मक लय जोड़ती हैं, जो फिल्म की कहानी को और अधिक दिल से जोड़ती है।

# इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो का पहले ही दिन हाल-बेहाल, केसरी 250 करोड़ के पार

इमरान हाशमी को पिछली बार सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखाया।अब फिल्म ग्राउंड जीरो के साथ इमरान ने बड़े पर्दे पर वापसी की है, जिसका पूरा दारोमदार उन्हीं पर है।हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन उनकी इस फिल्म की शुरुआत बहुत सुस्त रही।आइए इसके साथ-साथ फुले और केसरी 2 का हाल भी जान लें।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने रिलीज के पहले दिन 1 करोड़ का कारोबार किया है।ट्रेड पंडितों की मानें तो फिल्म का वीकेंड भी निराशाजनक ही रहने वाला है और इसके पहले वीकेंड पर 5-6 करोड़ रुपये के बीच में ही कमाई करने की उम्मीद है।इमरान की यह फिल्म उनकी सुपरफ्लॉप फिल्म सेल्फी की ओपनिंग को पछाड़ने में भी नाकाम रही।सेल्फी ने रिलीज के पहले दिन 2.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी।ग्राउंड जीरो के निर्देशक तेजस प्रभा विजय देओस्कर हैं। फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, जो बीएसएफ अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने साल 2003 में उस ऑपरेशन का नेतृत्व किया था, जिसमें आतंकवादी राणा ताहिर नदीम मारा गया था, जिसे गाजी बाबा के नाम से जाना जाता है।50 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में साईं ताम्हणकर भी हैं।उधर फुले भी सिनेमाघरों में 25 अप्रैल को रिलीज हुई। यह फिल्म काफी विवादों में रहीं, लेकिन विवाद का फायदा भी इसे नहीं मिला और पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई है।

# चेहरे पर तरबूज के छिलके रगड़ने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे



तरबूज एक ऐसा फल है, जो गर्मियों में सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व न केवल शरीर को हाइड्रेट रखते हैं, बल्कि त्वचा की देखभाल करने में भी मदद कर सकते हैं, खासकर तरबूज के छिलके का उपयोग करके आप अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बना सकते हैं।

आइए जानते हैं कि तरबूज के छिलके को चेहरे पर रगड़ने से क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं।

### त्वचा की सफाई में है सहायक

तरबूज के छिलके में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी त्वचा की गहराई से सफाई करने में मदद करते हैं।

जब आप तरबूज के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो यह त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करता है और गंदगी को बाहर निकालता है। इससे आपकी त्वचा ताजगी महसूस करती है और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की चमक भी बढ़ती है और वह स्वस्थ दिखती है।

### मुंहासों से मिलेगी राहत

अगर आप मुंहासों की समस्या से जूझ रहे हैं तो तरबूज के छिलके का उपयोग आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण मुंहासों के बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं।

इसके अलावा यह त्वचा की अतिरिक्त चर्बी को नियंत्रित करता है, जिससे मुंहासों की संभावना कम होती है।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा साफ और निखरी हुई दिखती है, जिससे आपको एक स्वस्थ और चमकदार चेहरा मिलता है।

### झुर्रियों का कर सकता है निवारण

झुर्रियां उम्र बढ़ने के साथ-साथ तनाव और गलत जीवनशैली का परिणाम हो सकती हैं।

तरबूज के छिलके में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो झुर्रियों को कम करने में सहायक होते हैं।

जब आप तरबूज के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो यह त्वचा को पोषण देता है और उसे मुलायम बनाता है।

इसके अलावा यह त्वचा की इलास्टिसिटी को बढ़ाता है, जिससे झुर्रियां धीरे-धीरे कम होती हैं।

### सनबर्न से मिलेगा आराम

गर्मियों में धूप में ज्यादा रहने से सनबर्न होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे त्वचा जल जाती है और लाल हो जाती है।

तरबूज के छिलके में ठंडक देने वाले गुण होते हैं, जो सनबर्न से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीइंफ्लेमेटरी गुण त्वचा की सूजन को कम करते हैं और जलन से राहत दिलाते हैं।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा फिर से स्वस्थ और चमकदार दिखती है।

# अमृत से कम नहीं है नारियल पानी, शुद्ध नैचुरल प्रोडक्ट के हैं ये लाभ, जानिए



गर्मी का सितम जारी है और ऐसे में लोग शरीर को हाइड्रेट करने के लिए तरह-तरह के ड्रिंक्स भी लेते हैं, लेकिन हम आपको ऐसे ड्रिंक के बारे में बताएंगे, जिसे पीने से न केवल शरीर हाइड्रेटेड रहता है बल्कि पाचन, वजन पर कंट्रोल रखने और त्वचा की रौनक बढ़ाने में भी कारगर होता है। यहां बात नारियल पानी की हो रही है, जिसकी तुलना अगर 'अमृत' से की जाए तो गलत नहीं होगा, क्योंकि जब गर्मी के तपते दिनों में प्यास और थकान सताने लगती है, तब नारियल पानी को ही पीने के लिए सबसे अच्छा पेय पदार्थ माना जाता है।

### बिना मिलावट का नेचुरल प्रोडक्ट-

नारियल पानी पेट को शीतलता प्रदान करता है और यह शुद्ध होता है। नैचुरल प्रोडक्ट जिसमें मिलावट लेशमात्र की नहीं होती। पोषक तत्वों से भरपूर होता है। प्रकृति का यह अनमोल तोहफा शरीर को तरोताजा रखने के साथ ही अनगिनत फायदे भी पहुंचाता है।

### 1940 के दशक में हुआ था अध्यन-

रिपोर्ट के मुताबिक, 1940 के दशक से नारियल पानी का व्यापक अध्ययन किया गया। जिसमें दावा किया गया कि यह एक ताजा और पौष्टिक पेय है और स्वास्थ्य लाभ के कारण बड़े पैमाने पर पिया जाता है। इसका सेवन दिल का ख्याल रखता है और हार्ट अटैक से बचाता है। एक अध्ययन में पाया गया कि नारियल पानी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा, नारियल पानी में अकार्बनिक आयन और विटामिन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व इंसानी शरीर के एंटीऑक्सीडेंट सिस्टम को सहायता प्रदान करते हैं।

### इम्युनिटी को करता है बूस्ट-

नारियल पानी से शरीर तो हाइड्रेट रहता है, साथ ही यह इम्युनिटी को बूस्ट करने का भी काम करता है। इतना ही नहीं, इसका सेवन करने से वजन कम करने में भी आसानी होती है।

### दिल को रखता है दुरुस्त-

इसके अलावा, नारियल पानी का सेवन दिल को दुरुस्त रखने का काम करता है। साथ ही यह बीपी को नॉर्मल करता है और ब्लड वेसल्स में रक्त प्रवाह को नॉर्मल करने का काम भी करता है। इसके साथ ही शरीर में कमजोरी होने पर भी नारियल पानी का सेवन काफी फायदेमंद है, इसमें कई पोषक तत्व होने की वजह से यह तुरंत ही शरीर से जुड़ी कमजोरी को दूर करने में कारगर माना जाता है।

### डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद-

यही नहीं, गर्मियों के दिनों में शरीर में पानी की कमी होने पर नारियल पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसका सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके अलावा, नारियल पानी पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में लाभदायक माना गया है। नारियल पानी को पीने की वजह से त्वचा को फायदा होता है, इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण चेहरे को साफ और चमकदार रखते हैं और किडनी की सेहत में सुधार करने का काम करते हैं।



आईओएस सागर पोर्ट लुईस बंदरगाह पर पहुंचा, जिससे मॉरीशस के राष्ट्रीय तट रक्षक के साथ संयुक्त ईईजेड निगरानी का प्रथम चरण पूरा हो गया।

## झेलम में बढ़ा पानी तो पीओके में आ गई बाढ़, भारत पर पानी छोड़ने और सूचित नहीं करने का गंभीर आरोप

इस्लामाबाद,(ए)। शनिवार को झेलम नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि होने के कारण पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे स्थानीय प्रशासन में इमरजेंसी जैसी स्थिति बन गई। पाकिस्तान ने इसे सिंधु जल समझौते का उल्लंघन बताते हुए भारत पर वाटर टेररिज्म फैलाने का आरोप लगाया है। पीओके प्रशासन का कहना है कि भारत ने बिना किसी पूर्व सूचना के उरी बांध से पानी छोड़ दिया, जिससे बाढ़ की स्थिति बन गई और हट्टियन बाला जिले में लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। मुजफ्फराबाद और चकोटी जैसे क्षेत्रों में प्रशासन ने लाउडस्पीकर के जरिए चेतावनी दी और लोगों से नदी से दूर रहने की अपील की। इसके चलते जानवरों और फसलों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचने की खबरें हैं।कहा जा रहा है कि भारत की ओर से यह कदम पहलगाम आतंकी हमले के बाद



उठाए गए अन्य कठोर कदमों का हिस्सा हो सकता है, जब भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का निर्णय लिया था। इसके अलावा, भारत ने आतंकवादियों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शने की बात भी कही है, जो कि पाकिस्तान के लिए एक चेतावनी हो सकती है।झेलम नदी के जलस्तर में इस वृद्धि के बाद, पीओके के कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई और स्थानीय प्रशासन ने इसे भारत द्वारा जानबूझकर किया गया एक कदम बताया, जो सिंधु जल समझौते का उल्लंघन करता है।

## अगर पानी बंद किया तो... हमारे पास 130 परमाणु हथियार तैयार हैं", अब पाकिस्तान के रेल मंत्री ने भारत को दी बड़ी धमकी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित करने का ऐलान किया है। इस फैसले से पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है और उसके नेता लगातार भड़काऊ बयान दे रहे हैं। अब पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है।

रावलपिंडी में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान हनीफ अब्बासी ने कहा, अगर भारत ने पाकिस्तान का पानी रोका, तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे। हमारी सभी मिसाइलों का रुख भारत की ओर है। हमारे पास गोरी, शाहीन, गजनवी जैसी मिसाइलें और 130 परमाणु हथियार सिर्फ भारत के लिए तैयार हैं। अब्बासी ने दावा किया कि पाकिस्तान के पास दुनिया के सबसे शक्तिशाली परमाणु बम हैं और देश ने कूटनीतिक प्रयासों के साथ-साथ सीमाओं की रक्षा के लिए भी पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहलगाम हमला तो बस एक बहाना है, असली मकसद भारत का सिंधु जल संधि पर दबाव बनाना है।

पाकिस्तान में यह पहली बार नहीं है जब नेताओं ने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री इशाक डार और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी भारत को परमाणु युद्ध की धमकी दे चुके हैं। बिलावल भुट्टो ने तो यहां तक कहा था कि सिंधु दरिया में या तो हमारा पानी बहेगा या भारतीयों का खून। भारत ने साफ कर दिया है कि किसी भी तरह की धमकी या दबाव में नहीं आएगा और अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर कदम उठाएगा।

## उत्तरी और दक्षिणी गाजा में झड़पों के दौरान चार इजरायली सैनिक मारे गए, कई घायल

यरूशलम (आरएनएस)। इजरायल रक्षा बलों और इजरायल पुलिस ने बताया कि उत्तरी गाजा पट्टी में दो इजरायली सैनिक मारे गए हैं। मारे गए सैनिकों की पहचान इडो वोलोच (21) और यित्जाक काहाना (19) के रूप में हुई है।

इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज ने बताया कि शुक्रवार को गाजा शहर के पूर्वी गाजा शहर के शाजैयाह इलाके में बॉर्डर पुलिस की एक घात लगाने वाली टुकड़ी का सामना आतंकवादियों के एक दस्ते से हुआ, जिसमें यित्जाक मारा गया।

रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 15 मिनट बाद, बचाव अभियान के दौरान आतंकवादियों ने बचाव दल पर एक आरपीजी रॉकेट दागा, जिसमें एक इजरायली सैनिक मामूली रूप से घायल हो गया। लगभग एक घंटे बाद, आतंकवादियों ने शाजैयाह में एक इजरायली टैंक पर आरपीजी से गोलीबारी की, जिसमें इडो वोलोच मारा गया और एक अन्य सैनिक मामूली रूप से घायल हो गया।

कान टीवी के अनुसार, दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में तेल अल-सुल्तान शरणार्थी शिविर में विस्फोटक उपकरणों के कारण चार इजरायली बख्तरबंद लड़ाके घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर रूप से और तीन मामूली रूप से घायल हुए।इससे पहले गुरुवार को इजरायली सेना ने एक बयान में कहा था कि गाजा पट्टी में स्नाइपर फायरिंग में एक इजरायली टैंक चालक की मौत हो गई।सेना ने गुरुवार को बताया था कि सैनिक मचात्ज बख्तरबंद ब्रिगेड की 79वीं बटालियन में कार्यरत था, वह उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारा गया। साथ ही बताया था कि उसके परिवार को उसकी मौत की सूचना दे दी गई है। मारे गए सैनिक का नाम अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

## ईरान के प्रमुख बंदरगाह में जबरदस्त विस्फोट, 25 लोगों की मौत, 800 से अधिक घायल

लंदन ,(आरएनएस)। ईरान के एक प्रमुख बंदरगाह पर हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 25 लोगों की मौत हुई है और 800 लोग घायल हुए हैं। यह विस्फोट शनिवार सुबह दक्षिणी शहर बंदर अब्बास के पास देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह शाहिद राजाई बंदरगाह में हुआ।

ब्लास्ट से आस-पास की इमारतों की खिड़कियां और छतें उड़ गईं और कारें नष्ट हो गईं। स्थानीय निवासियों बताया कि विस्फोट का असर 50 किमी (31 मील) दूर तक महसूस किया गया। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, छह लोग लापता हैं। फारस की खाड़ी के किनारे और होर्मोज जलडमरूमध्य के पास स्थित, शाहिद राजाई बंदरगाह, ईरान का सबसे बड़ा कंटेनर हब है, जो देश की लगभग 80त्न कंटेनर गतिविधियों को संभालता है। क्षेत्र में मौजूद एक व्यक्ति ने ईरानी सरकारी टीवी को बताया, पूरा गोदाम धुएं, धूल और राख से भर गया। मुझे याद नहीं है कि मैं टेबल के नीचे गया या विस्फोट के कारण वहां फेंका गया। हवाई फुटेज में कम से कम तीन क्षेत्रों में आग लगी हुई दिखाई दी और ईरान के आंतरिक मंत्री ने बाद में पुष्टि की कि आग एक कंटेनर से दूसरे कंटेनर में फैल रही थी। क्षेत्र के स्कूलों और कार्यालयों को रविवार को बंद रहने का आदेश दिया गया है।ईरान के संकट प्रबंधन संगठन के प्रवक्ता होसैन जफरी ने शाहिद राजाई में कंटेनरों में रसायनों के खराब भंडारण को विस्फोट के लिए दोषी ठहराया। उन्होंने ईरान की आईएलएनए समाचार एजेंसी को बताया, विस्फोट का कारण कंटेनरों के अंदर मौजूद रसायन थे। जफरी ने कहा, इससे पहले, संकट प्रबंधन के महानिदेशक ने अपने दौरे के दौरान इस बंदरगाह को चेतावनी दी थी और खतरे की संभावना की ओर इशारा किया था।

## टाइटैनिक के डूबने से पहले यात्री ने लिखा था खत, अब 3.41 करोड़ में बिका, जानिए ऐसा क्या है इसमें खास?



लंदन , । टाइटैनिक के एक यात्री का लिखा पत्र ब्रिटेन की एक नीलामी में रिकॉर्ड 3.41 करोड़ (300,000) में बिका। कर्नल आर्चीबाल्ड ग्रेसी के पत्र को रविवार को विल्टशायर के हेनरी एल्ड्रिज एंड सन नीलामी घर में एक अज्ञात खरीदार ने खरीदा।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह पत्र 60,000 पाउंड की अनुमानित कीमत से पांच गुना अधिक कीमत पर खरीदा गया। इस पत्र को 'भविष्यसूचक' कहा जाता है। दरअसल इसमें कर्नल ग्रेसी एक परिचित से कहते है कि वह 'अच्छे जहाज' पर फैसला देने से पहले 'अपनी यात्रा के अंत की प्रतीक्षा करेंगे।' यह पत्र 10 अप्रैल 1912 को लिखा गया, जिस दिन वह साउथेम्प्टन में टाइटैनिक पर चढ़े थे, उत्तरी अटलांटिक में एक हिमखंड से टकराकर जहाज के डूबने से पांच दिन पहले। कर्नल ग्रेसी न्यूयॉर्क जा रहे टाइटैनिक जहाज पर सवार लगभग 2,200 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से एक थे। इस दुर्घटना में 1,500 से अधिक लोग मारे गए थे।

फर्स्ट क्लास के यात्री ने केबिन सी51 से यह पत्र लिखा था। यह पत्र 11 अप्रैल 1912 को आयरलैंड के क्वीन्सटाउन में जहाज के डॉक किए जाने पर पोस्ट किया गया। इस पर 12 अप्रैल की लंदन की पोस्टमार्किंग भी थी। नीलामी में मदद करने वाले नीलामीकर्ता ने कहा कि इस पत्र की कीमत टाइटैनिक पर लिखे किसी भी पत्र से अधिक है। कर्नल ग्रेसी ने बाद में 'द ट्रुथ अबाउट द टाइटैनिक' नाम से एक किताब लिखी, जिसमें उन्होंने समुद्री जहाज पर अपने अनुभव को याद किया। इसमें उन्होंने बताया कि कैसे वे बर्फीले पानी में पलटी हुई लाइफबोट पर चढ़कर बच गए। उनके मुताबिक लाइफबोट पर पहुंचने वाले आधे से अधिक लोग थकावट या ठंड से मर गए।हालांकि कर्नल ग्रेसी इस आपदा से बच गए, लेकिन हाइपोथर्मिया और चोटों के कारण उनका स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हुआ। 2 दिसंबर 1912 को वे कोमा में चले गए और दो दिन बाद मधुमेह की जटिलताओं के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

# खेल समाचार

## प्रभसिमरन सिंह ने तूफानी पारी खेल रचा इतिहास

### -पंजाब के लिए 1000 रन पूरे करने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बने

कोलकाता,(आरएनएस)। प्रभसिमरन सिंह ने कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले जा रहे मैच में एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है. वो पंजाब किंग्स के लिए इस उपलब्धि को हासिल करने वाले भारत के छठे और ओवरऑल 11वें बल्लेबाज बन गए हैं. इस मैच में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीता और कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे को पहले फील्डिंग करने के लिए कहा. इसके बाद प्रभसिमरन सिंह का तूफान मैदान पर देखने के लिए मिला।

प्रभसिमरन सिंह ने प्रियांश आर्य के साथ पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी की. प्रभसिमरन ने 49 बॉल में 6 चौके और 6 छक्कों के साथ 83 रनों की तूफानी पारी खेली. इस पारी के साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं. इसके साथ ही वो पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल में 1000 रन बनाने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बने गए हैं जबकि ओवरऑल वो पंजाब के लिए 1000 रन बनाने वाले 11वें बल्लेबाज बन गए हैं।

इस मैच में प्रियांश आर्य ने भी पंजाब किंग्स के लिए शानदार पारी खेली. उन्होंने 35 बॉल में 8 चौके और 4 छक्कों की सहायता से 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. इन दोनों के अलावा श्रेयस अय्यर ने नाबाद 25 और जोश इंग्लिश ने नाबाद 11 रनों का योगदान दिया और टीम का स्कोर 20 ओवर में 4 विकेट पर 201 तक पहुंचाया. केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने 2 और वरुण चक्रवर्ती व आंद्रे रसेल ने 1-1 विकेट हासिल किया.

## बारिश के चलते रद्द हुआ कोलकाता और पंजाब का मैच, दोनों टीमों को मिला 1-1 प्वाइंट

कोलकाता, (आरएनएस)। कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया आईपीएल 2025 का 44वां मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया. इस मैच में दूसरी पारी के दौरान बारिश ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दस्तक दे दी जिसके बाद मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया और बेनतीजा रहा. इसके बाद कोलकाता और पंजाब की टीमों को 1-1 अंक से संतोष करना पड़ गया.

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और इसके साथ ही कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे को पहले फील्डिंग करने का न्योता दिया. पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 201 रन बनाए. कोलकाता की टीम जीत के लिए मिले 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 6 बॉल में 7 रन ही बना पाई की बारिश ने मैच को रोक दिया. इसके बाद मैच दोबारा शुरू नहीं हुआ और उसे रद्द कर दिया गया.

पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह ने प्रियांश आर्य के साथ पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी की. प्रभसिमरन ने 49 बॉल में 6 चौके और 6 छक्कों के साथ 83 रनों की तूफानी पारी खेली. तो वहीं प्रियांश आर्य ने 35 बॉल में 8 चौके और 4 छक्कों की सहायता से 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. इन दोनों के अलावा श्रेयस अय्यर ने नाबाद 25 और जोश इंग्लिश ने नाबाद 11 रनों का योगदान दिया. केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने 2 और वरुण चक्रवर्ती व आंद्रे रसेल ने 1-1 विकेट हासिल किया.

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए पारी की शुरुआत करने के लिए रहमानुल्लाह गुरबाज़ और सुनील नारायण आए. सुनील ने 4 और गुरबाज ने 1 रन बनाया और मार्को जानसेन ने पहला ओवर डाला, जिसमें केकेआर ने 7 रन बनाए और बारिश के चलते खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ गया, जिसके बाद मैच फिर से शुरू नहीं हो पाया.

## मुंबई इंडियंस की लगातार पांचवीं जीत, बुमराह ने 4 विकेट लिए, सूर्यकुमार यादव और रायन रिकेलटन की फिफ्टी



मुंबई (ए)। मुंबई इंडियंस ने लगातार पांचवां मैच जीतकर आईपीएल प्ले ऑफ़ की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपरजायंट्स को 54 रन से हरा दिया। लखनऊ ने बॉलिंग चुनी। मुंबई इंडियंस ने 7 विकेट खोकर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ सुपरजायंट्स 161 रन ही बना सकी।मुंबई से जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट लिए, उन्होंने ही 16वें ओवर में 3 विकेट लेकर मैच मुंबई इंडियंस की झोली में डाला। ट्रेंट बोल्ट ने 3 और विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। सूर्यकुमार यादव और रायन रिकेलटन दोनों ने फिफ्टी लगाई। लखनऊ से आवेश खान और मयंक यादव ने 2-2 विकेट लिए। आयुष बडोनी ने सबसे ज्याादा 35 रन बनाए।

## राजस्थान रायल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी गुजरात टाइटंस

जयपुर (ए)। आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स से खेलेगी। इस मैच में टाइटंस का लक्ष्य जीत हासिल कर नंबर एक पर बने रहना है। टाइटंस ने अब तक आठ मैचों में से छह में जीत के साथ ही अंक तालिका में सबसे अधिक 12 अंक हासिल किये है। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम 4 अंकों के साथ 9वें नंबर पर है। ऐसे में इस मैच में टाइटंस की टीम जीत की प्रबल दावेदार है हालांकि रॉयल्स को घरेलू मैदान का लाभ जरुर मिलेगा पर इसके बाद भी वह काफी कमजोर है। टाइटंस की बल्लेबाजी और गेंदबाजी काफी अच्छी है। उसके बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप के सबसे बड़े दावेदार के तौर पर उभरे हैं। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा सबसे अधिक विकेटों के साथ ही पर्पल कैप के नंबर एक दावेदार हैं। इसके अलावा टीम के पास कप्तान शुभमन और और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज भी हैं। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स इस सप्ताह की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली हार के बाद ही प्लेऑफ की रैस से बाहर हो गयी थी। नौ मैचों में सातवीं हार के साथ ही वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर हैं।

## मनोज तिवारी बोले कोच पोंटिंग के कारण खिताब नहीं जीत सकेगी पंजाब

कोलकाता (ए)। आईपीएल के इस सत्र में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स ने अब तक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और वह खिताब की प्रबल दावेदार है। वहीं अब भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग पर सवाल उठाते हुए कहा है कि पंजाब की



टीम खिताब नहीं जीत पायेगी। तिवारी पोंटिंग के कोचिंग के तौर तरीके से खुश नहीं हैं। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा है कि जिस प्रकार से पोंटिंग भारतीय खिलाड़ियों को नजरअंदाज कर रहे हैं उससे पंजाब को नुकसान होगा। तिवारी ने सोशल मीडिया में लिखा, मुझे लगता है कि इस सत्र में भी पंजाब किंग्स आईपीएल खिताब नहीं जीत पाएगी। मैंने देखा कि कोच भारतीय खिलाड़ियों से ज्यादा विदेशी खिलाड़ियों पर भरोसा कर रहे हैं। इसी कारण नेहल वडेरा और शशांक सिंह के बेहतर प्रदर्शन के बाद भी इस सत्र में रन बनाने में विफल रहे ग्लेन मैक्सवेल और मार्को येनसन को को आगे भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा, पोंटिंग भारतीय खिलाड़ियों पर कम भरोसा करते दिखे हैं। अगर वे इसी तरह बने रहे तो शीर्ष दो में जगह बनाने के बावजूद पंजाब की टीम खिताब जीत से दूर रह जाएगी।

## फ्लेमिंग ने माना नीलामी में हुई गलती

चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच स्टीफन फ्लेमिंग आईपीएल सत्र में टीम के खराब प्रदर्शन से बेहद निराश हैं। फ्लेमिंग ने माना है कि टीम प्रबंधन से मेगा नीलामी में गलतियां हुई



जिसके कारण सही टीम नहीं बन पायी है। सीएसके इस सत्र में नौ मैच में से सात में हारी है। फ्लेमिंग ने कहा, ''यह कहना मुश्किल है। हमने जो प्रदर्शन किया है, उसमें हमने इसे पूरी तरह से सही पाया है। इसलिए हम अपनी खेल शैली पर फिर से विचार नहीं कर रहे हैं। साथ ही यह भी देख रहे हैं कि खेल कैसे विकसित हो रहा है और इससे तालमेल कैस बनाया जाये। उन्होंने कहा, ''यही वजह है कि हमें अपने रिकॉर्ड पर गर्व है क्योंकि हम लंबे समय तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में सफल रहे। साथ ही कहा कि दूसरी राह पकड़ने में ज्यादा समय नहीं लगता।'' फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि उनकी टीम से कुछ गलतियां हुई हैं जिसका संबंध नीलामी से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, ''अन्य टीम हमसे बेहतर होती गई और यहीं पर नीलामी की गलती सामने आता है। हम इसको सही नहीं कर पाए इसलिए आपको हर चीज के लिए जिम्मेदारी लेनी होगी। नीलामी कोई आसान काम नहीं है जो मानसिक और शारीरिक रूप से थका देने वाला होता है हालाकं मेरा मानना है कि हमने अच्छी टीम का चयन किया था।''

## कृष्णा भविष्य में भारतीय टीम के लिए भी बड़ी भूमिका निभाएंगे : रायुडू




नई दिल्ली (ए)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले समय में भारतीय टीम की ओर से अहम भूमिका निभाएंगे। कृष्णा ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। वह अभी तक सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के कारण पर्पल कैप के दावेदार हैं। गुजरात की टीम अभी अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसकी ओर से कृष्णा ने अब तक 16 विकेट लिए हैं। कृष्णा पिछले काफी समय से फिटनेस की दिक्कतों के कारण खेल से दूसरे थे पर इस साल की शुरुआत में ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में छह विकेट लेकर अपनी क्षमताएं दिखायीं थीं। इसके बाद से ही वह लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं।

रायुडू ने कहा, वह शानदार लय में दिख रहे हैं। उनकी ताकत पिच पर जोरदार तरीके से गेंद फेंकना है । उनकी गेंदबाजी में बहुत सारी विविधताएं हैं, उनकी धीमी गेंद भी काफी प्रभावी है। मुझे लगता है कि वह न केवल गुजरात ही नहीं भारतीय टीम के लिए भी भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

वहीं पूर्व दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी मार्क बाउचर भी रायुडू से सहमत हैं और उनका भी कहना है कि कहा कि कृष्णा अच्छी गति से गेंदबाजी कर रहे हैं और गुजरात को काफी फायदा पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह अपनी गेंदबाजी का आनंद लेते हैं। वह विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में सामने आये हैं जो दबाव हटाता है। उनकी गति बढ़ गई है। उनकी लैंथ के कारण उन्हें अच्छा उछाल मिलता है। जब वह गेंदबाजी करते हैं तो ऑफ स्टंप पर अच्छी और टाइट गेंद डालते हैं। इसलिए गेंद को ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ती।

# नर्मदांचल में बंपर हो रहा तरबूज, किसानों की स्थिति होगी मजबूत

## खाद्यान्य, सब्जी के बाद तरबूज की मंडी में भी अव्वल हो रहा नर्मदापुरम



नर्मदापुरम( निप्र) ।नर्मदांचल की उर्वरा माटी में खाद्यान्य,सब्जी के बाद तरबूज की फसल भी बंपर आ रही है। क्षेत्र के खेतों में लगे तरबूजों से पिकप भराकर आ रही है। जिसकी नीलामी सुबह कृषि उपज मंडी के सब्जी मंडी वाले क्षेत्र में हो रही है। मंडी वाले हर दिन करीब 25-18 पिकप में तरबूज भराकर आ रहे जिसमें करीब 500 क्विंटल तरबूज की थोक में बिक्री होती है। आने वाले दिनों में और ज्यादा मात्रा में तरबूज आने की संभावना बन रही है। इससे किसानों की स्थिति भी मजबूत हो रही है।

### फलोत्पादन की और रूझान

नर्मदांचल में अब परंपरागत खेती से हटकर फलों के उत्पादन की ओर भी किसानों का रूझान तेजी से बढ़ता जा रहा है। पहले नर्मदा और तवा के तरबूज, खरबूज, ककड़ी बड़ी मात्रा में आते थे। लेकिन अब डंगरबाड़ियों में फलों की जगह सब्जियों ने ली है। सब्जी की पैदावार भी हजारों क्विंटलों में हो रही है।

### रेत की बजाय खेतों में तरबूज की खेती

नर्मदा और तवा की रेत की बजाए खेतों में तरबूज की खेती हो रही हैं। इससे तरबूज का उत्पादन तेजी से बढ़ गया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बाजार में इसकी मांग भी खासी बढ़ गई है। पिछले कुछ दिन से मंडी में लगातार तरबूज की खेप आ रही है। पिकप में छोटे व्यापारी या किसान तरबूज की फसल लेकर आ रहे हैं।

### ढाई घंटे में लाखों की बिक्री

कृषि मंडी में अनाज, सब्जी के बाद तरबूज के वाहनों के खडे होने के लिए पर्याप्त जगह है। बेचने और खरीदने वाले सुबह 9 बजे से मंडी में पहुंच जाते हैं। दो से ढ़ाई घंटे में लाखों रुपये के तरबूजों की थोक में बिक्री हो जाती है। उसके बाद जो खरीदते हैं वे अपनी दुकानें बाजार में खुले स्थान पर ढेर लगाकर 20 रुपये किलो में या फिर नग से बेच रहे हैं।

### प्रदेश के कई जिलों में भी जा रही है खेप

एक अनुमान के मुताबिक औषतन तीन सौ से चार सौ क्विंटल तरबूज की बिक्री एक दिन में हो रही है। शहर में ही प्रतिदिन साढ़े चार सौ क्विंटल तरबूज की आवक हो रही है। इसके बाद यहां से आसपास के जिले में तरबूज की खेप पहुंच रही है।

### व्यापारियों को मिल रहा मुनाफा

किसान तरबूज की खेती करते हैं जो थोक में किसी व्यापारी को दे देते हैं। अनेक व्यापारी खेत में ही पिकप लेकर पहुंच जाते हैं। किसान से कम दाम में लेकर व्यापारी ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं। इन व्यापारियों द्वारा सुबह खरीदी के बाद विभिन्न शहरों में तरबूजों की खेप पहुंचाई जा रही है।

### कम समय की फसल

किसानों एवं उद्यान केंद्र के अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि तरबूज की फसल कम समय में ही तैयार हो जाती है। इससे किसान इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं। पहले डंगरबाड़ियों में इसका सीमित उत्पादन होता था।

## जय हो समिति के नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 252वां सप्ताह

नर्मदापुरम( निप्र)। जय हो समिति द्वारा संचालित नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान ने इस रविवार को विवेकानंद घाट पर अपने 252वें सप्ताह में प्रवेश किया। समिति के सदस्यों के उत्साह और समर्पण से नर्मदा माँ के तटों की सफाई कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि यह सेवा कार्य केवल एक अभियान नहीं, बल्कि माँ नर्मदा के प्रति हमारी श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक है। नियमित रूप से घाटों की सफाई कर हम स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने प्लास्टिक कचरे, कपड़े, पूजा सामग्री व अन्य अपशिष्ट पदार्थों का निस्तारण किया। समिति ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे घाटों की पवित्रता बनाए रखने हेतु अपने कर्तव्यों का पालन करें तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अर्पित मालवीय समिति के वरिष्ठ सदस्य अनिल मिश्रा रमेश उपरारिया सहित समिति के परी उपरारिया आकाश पवार अजय बावरिया सौरभ वर्मा किशन सराठे अनुराग वर्मा विशाल बावरिया सागर पटेल कौशिक बावरिया राजेश वर्मा गणेश यादव जतिन यादव विशाल बिश्नोई अंकित सागर पीतम चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम मिसरोद में श्रमदान कर की गई तालाब की सफाई



नर्मदापुरम( निप्र)। प्रदेश में नदी, खेत तालाब, पोखर सहित सभी जल स्रोतों के संरक्षण का कार्य चल रहा है। सभी जिलों में जनप्रतिनिधि और प्रभारी मंत्री अपने-अपने स्तर पर 90 दिन तक चलने वाले इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं और अपना योगदान दे रहे हैं। जल संरक्षण के इसी क्रम में आज मिसरोद में तालाब की साफ सफाई का कार्य स्थानीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा की सहभागिता सहित श्रमदान कर किया गया। श्रमदान कार्यक्रम में विधायक प्रेमशंकर वर्मा, एसडीएम नीता कोरी, जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, जनपद पंचायत के सीईओ हेमंत सूत्रकार, तहसीलदार सुनील गढवाल, जनपद सदस्य मदन मोहन गुबरेले, विधायक प्रतिनिधि राजेश गौर, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राजपूत, सरपंच राजकुमारी घासीराम पंवार, उपसरपंच सुनील गौर, जनपद पंचायत से उपयंत्री तरूण डिगरसे, पंचायत समन्वयक अधिकारी छोटीबाई ठाकुर, सचिव चंदू रघुवंशी, सहायक सचिव अभिषेक गौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वैशाख माह की अमावस्या पर लगी आस्था की डुबकी

नर्मदापुरम( निप्र)। बैशाख मास की अमावस्या के विशेष स्नान पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। रविवार को विशेष स्नान पर्व होने से घाटों पर अच्छी खासी भीड़ रही। पं गोंविंद शर्मा ने बताया कि अमावस्या का कुछ अंश सोमवार को रहने से सोमवती अमावस्या का पर्व बन रहा है। लेकिन मुख्य स्नान का पर्व रविवार को ही था। बैशाख के माह में स्नान ध्यान पूजन पाठ का विशेष महत्व रहता है। साथ ही इस माह में अन्न दान करने से विशेष पुण्य मिलता है। बैशाख माह की अमावस्या को सत्तू खानी अमावस्या भी कहा जाता है। इस दिन सत्तू खाने और सत्तू का दान करने का महत्व है।

## श्री मनु तुलसी स्मृति सम्मान एवं काव्य गीत संध्या 1 मई को

नर्मदापुरम( निप्र)। श्री मनु तुलसी स्मृति मंच नर्मदापुरम के तत्वावधान में 22 दिसंबर 24 को आयोजित होने वाला श्री मनु तुलसी स्मृति सम्मान एवं काव्य गीत गोष्ठी का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों स्थिगित हो गया था। अब श्री मनु तुलसी स्मृति सम्मान एवं काव्य गीत संध्या का आयोजन 1 मई को आयोजित होना है। कार्यक्रम आयोजक संयोजक श्रीमती राधा लोटन सिंह राजोरिया ने बताया कि श्री मनु तुलसी स्मृति मंच समिति, सरगम संगीत संस्था, शिव संकल्प साहित्य परिषद के सहयोग से सम्मान एवं काव्य गीत संध्या 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सायं 4.30 बजे से मां नर्मदा के पावन तट स्थित प्रसिद्ध सरगम संगीत संस्था के सभागार समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ गोपाल प्रसाद खड्डुर व अध्यक्षता नगर पं गिरिमोहन गुरू करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अथिति नर्मदापुरम वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश वाजपेयी विरही, व वरिष्ठ समाजसेवी गायक नित्येंद्र कुमार शर्मा रहेंगे। इस मौके पर जिनका सम्मान होना है उनमें वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा, सुधीर व्यास,कवियत्री डॉ मनीषा तिवारी, कवि साहित्यकार हरिओम दीक्षित, विचारक, शिक्षिका श्रीमती रेखा रतनानी,संगीतज्ञ सोहन सिंह चौहान शामिल हैं। संस्था अध्यक्ष जगदीश वाजपेयी, सचिव वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार ज्योतिषाचार्य पं पंकज पटेरिया,सह सचिव साहित्यकार बाबूलाल कदम व श्री राजोरिया दंपत्ति ने नर्मदांचल के सुधी साहित्यप्रेमियों को उक्त समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## दिव्यांजन शिविर में 110 हुए पंजीयन, उपकरण और प्रमाण पत्र भी बाटे

इटारसी( निप्र) नगरपालिका के तत्वावधान में शनिवार को सरकारी अस्पताल के राठी हास्पिटल परिसर में शिविर लगाया गया। इस शिविर में पहुंचकर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र बांटे। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे भी मौजूद थे। शिविर में 110 आवेदनों का पंजीयन किया था। जिसमें 10 दिव्यांगों को उपकरण वितरण किया। इनमें 4 अस्थि बाधित दिव्यांगों के विकलांग प्रमाण पत्र बनाए। 6 मानसिक/बहुविकलांग दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए। 12 वृद्धजनों के जिसमें मानसिक विकलांग, अस्थि बाधित एवं अन्य विकलांग प्रमाण पत्रों को रिन्यू किया। शिविर में 32 विकलांग प्रमाण पत्र बनाए गए। शिविर में इटारसी और आसपास के क्षेत्रों से लोग शामिल हुए। शिविर में आसानी से प्रमाण पत्र बन गए। दिव्यांगजनों ने खुशी जाहिर की। कहा कि ऐसे शिविर होते रहना चाहिए।

## शहरी खेती और निरंतरता संस्थान (आईयूएफएस इंडिया) नर्मदापुरम में करने जा रहा है कार्यशाला आयोजित

नर्मदापुरम(निप्र)। शहरी खेती और निरंतरता संस्थान (आईयूएफएस इंडिया) नर्मदापुरम में कार्यशाला की एक श्रृंखला आयोजित करने जा रहा है। शहरी खाद्य सुरक्षा और सूक्ष्म हरित क्रांतिइ के संबंध में 7 आईयूएफएस इंडिया के अध्यक्ष डॉ अनिरुद्ध गर्ग ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य जैविक खेती के लिए जागरूकता पैदा करना है,आगामी खाद्य संकट से पहले समय पर जागरूकता पैदा करना भी है। आधुनिक खेती की तकनीक और तकनीकों का उपयोग करके कम जगह अधिक उत्पादन करना है। कार्यशाला का आयोजन कार्तिक खरे द्वारा किया जाएगा जो नर्मदापुरम से हैं और आईयूएफएस टीम का हिस्सा हैं।

## सनातनियों को संगठित होने की आवश्यकता है : तेज कुमार गौर

नर्मदापुरम( निप्र)। असलम भारती ने कहा है कि पाकिस्तान ने बहुत ही घिनौना कृत्य किया है,शहीद हुए हमारे बंधुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद। तेज कुमार गौर ने कहा है कि अब समय आ गया है कि भारत में जो कट्टर पाकिस्तानी समर्थक हैं उनकी सूची सरकार के पास होना चाहिए यह जिम्मेदारी पुलिस की खुफिया एजेंसी की होती है,खुफिया विभाग को सर्वे करना चाहिए और सूची सीधे सरकार को सौंपना चाहिए। पहलगाम में हुए कायराना हमले के विरोध में और घटना में मृतक नागरिकों को श्रद्धांजलि देने कलेक्ट्रेट पीपल चौक पर शब्दांजलि सभा और मौन रखा गया। सभा को नगर के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में गुरुकुल के आचार्य ऋतसपति परिबाजक जी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया वह अत्यंत निंदनीय है,यह सिर्फ आतंकी हमला नहीं वरन भारत की आत्मा पर हमला है।इससे सबक लेते हुए हमें एकजुटता के साथ रहकर मुंहतोड़ जवाब देना होगा। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि इस घटना के जवाब में इतनी कठोरतम कार्यवाही होना चाहिए कि पाकिस्तान परस्त आतंकी इस तरह की घटना करने से पहले सौ बार सोचें। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत तिवारी ने कहा कि हमें सरकार के साथ खड़ा होकर उनकी कार्यवाही में सहयोग देना चाहिए,सभी भावना से ऊपर राष्ट्र है। सभा को अरुण दीक्षित,मोहम्मद अकरम,असलम भारती,मनोज जराठे,चंद्रगोपाल मलैया,दिनेश तिवारी,धर्मेंद्र तिवारी,के एन त्रिपाठी,शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ हर्षल कावरे,श्रीमती संगीता सोलंकी ने संबोधित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।इसके पूर्व दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत की गई। संचालन जयप्रकाश पटेल ने किया। कार्यक्रम में राम मोहन मलैया,अखिलेश खंडेलवाल,भगवती चौरे,लक्ष्मण सिंह बैस, महेंद्र यादव,शिव सुल्लेरे, सुनील राठौर,अतुल भंडारी, गणेश बावरिया,बंटी परिहार,सेठी चौकसे,के एस राजपूत, नीलेंद्र पटेल,अरुण बड़कुर,अजय सैनी,नसीम कुरैशी, रूपेश राजपूत, पंकज मलैया, संजीव मिश्रा,डा.मयंक तोमर, विवेक श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव,केके शर्मा,कांता मेहरा, ऋषि तिवारी, विलास नीले,रमेश गोपलानी,लखन रघुवंशी,नीलेन्द्र पटेल,अनिल आर्य,दयानंद पचौरी, गोपाल चौरे,जयबाला निगम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और शहरी नागरिक एवं समस्त समाजों के प्रमुख उपस्थित रहे।अंत में सभी ने दो मिनिट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ताप्ती नदी पर चलाया स्वच्छता अभियान

### मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का लिया संकल्प

बैतूल (आरएनएस)। जल ही जीवन है इस बहुचर्चित वाक्य का वास्तविक अर्थ अब पूरी दुनिया के सामने विकराल रूप में खड़ा है। भारत समेत विश्व के कई देशों में पानी की उपलब्धता संकट की ओर बढ़ रही है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि यदि जल संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया तो अगले कुछ दशकों में जल युद्ध भी हो सकते हैं। यह विचार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद आठनेर के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोरपानी के तत्वाधान में प्रस्फुटन समिति सिवनपाट के सहयोग से ताप्ती नदी पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में नवांकुर संस्था बोरपानी के अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य राजू सलामे ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा की पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की धुरी भी है। वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाना होगा।जलस्रोतों की स्वच्छता एवं पुनर्जीवन पर बल देना होगा। जल संकट केवल सरकार की चुनौती नहीं,बल्कि हर नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। एक-एक बूंद बचाकर ही हम अपने बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण समय की महती पुकार है। उसे हमें अनसुना नहीं करना है। हमें बूंद बूंद वर्षा जल बचाकर सागर भरना है। समय रहते यदि हम जागरूक नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को इसका भयंकर खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## बेटियों के हाथ पीले करने में माता-पिता को न लेना पड़े कर्ज : मंत्री श्री सिंह

### गाडरवारा में हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन 91 जोड़ों का हुआ विवाह



गाडरवारा (निप्र)। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में निर्धन वर्ग के माता-पिता को बेटी के विवाह के लिये कर्ज न लेना पड़े इसके लिये राज्य सरकार ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्था की है। राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिये लाड़ली बहना योजना भी संचालित कर रही है। साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह शनिवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में 91 जोड़ों का समारोहपूर्वक विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी का सामान खरीदने 49 हजार रुपये की राशि के स्वीकृति-पत्रों का वितरण भी किया गया। यह राशि परिणय सूत्र में बंधी कन्याओं के बैंक खाते में जमा कराई जायेगी।मंत्री सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने कैबिनेट में फैसला कर इन वैवाहिक कार्यक्रमों को और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया है। अब कम से कम 11 और अधिकतम 200 वैवाहिक जोड़े होने पर राज्य सरकार आयोजन कर सकती है। बेटियों को बोझ न मानें इसी सोच का नतीजा था कि लाड़ली लक्ष्मी, कन्या विवाह, प्रतिभा किरण, लाड़ली बहना जैसी अनेक क्रांतिकारी योजनाएं बनाकर उन्हें जमीन पर उतारा गया है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष गाडरवारा शिवाकांत मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से खेती की लागत और पानी की खपत कम हुई और आय बढ़ी

हरदा(आरएनएस)। हरदा जिले के ग्राम सोडलपुर के किसान देवेन्द्र भाटी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लाभ लेकर कम लागत में खेती कर कृषि उत्पादन तो बढाया ही है साथ में अपनी आय भी बढ़ाई है। उप संचालक कृषि जे एल कास्दे ने बताया कि किसान देवेन्द्र भाटी पहले बिना ड्रिप पद्धति के खेतों में सिंचाई करते थे जिसमें पानी तो अधिक खर्च होता ही था, साथ में परिश्रम भी अधिक लगता था। कृषि विभाग के अधिकारियों की सलाह पर उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप इरिगेशन सिस्टम अपने खेत में लगवाया तो कम मेहनत और कम पानी में खेतों में सिंचाई होने लगी।

## बैतूल जिले में सहकारी क्षेत्र के नवाचार, जन औषधि केंद्रों का संचालन प्रारंभ

बैतूल(आरएनएस)। सहकारिता क्षेत्र में हो रहे नवाचार के तहत जिले में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से भारत सरकार की सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का संचालन प्रारंभ किया गया है। प्रारंभिक चरण में जिले में 6 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया था। वर्तमान में जिले के चिल्कापुर, भैंसदेही तथा भीमपुर में कुल 3 जन औषधि केंद्र सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। आने वाले समय में बैतूल, आठनेर और मुलताई में भी जन औषधि केंद्रों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से जिले के नागरिकों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है। बाजार मूल्य की तुलना में यहां एलोपैथिक दवाइयां आधे से भी कम दरों में सुलभ हैं, जिससे आमजन को आर्थिक राहत मिल रही है। जिला प्रशासन के प्रयासों से इन केंद्रों को स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पताल परिसरों के आसपास स्थापित किया गया है, ताकि नागरिकों को दवाइयां प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।




## मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार) वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित

नर्मदापुरम (निप्र)। शासकीय सेवाओं में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार)' प्रदान किया जाता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए वर्ष 2024-25 में किये गए नवाचारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। आवेदन वेबसाइट www. awards. mp.gov.i8 के माध्यम से ऑनलाइन किये जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। शासकीय सेवाओं में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों को बढ़ावा देने प्रदान किये जाने वाले वार्षिक 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार)' के लिए प्रदेश के शासकीय और सार्वजनिक संस्थानों के अधिकारी-कर्मचारी एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक किये गए नवाचारों के आधार पर आवेदन कर सकेंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अरविन्द विहार, लहारपुर डेम बाग मुंगालिया भोपाल**

Phone No. 0755- 2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 516/तक/का0यं0/लो0स्वा0/मैके0खण्ड/भोपाल/202/दिनांक 23/04/2025

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2025-26 दिनांक 23.04.2025 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2025_PHED_418630_1 दिनांक 23.04.2025

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् वर्ष 2025-26 के दौरान नर्मदापुरम जिले में विभागीय रिग मशीनों से खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 60 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 08.05.2025 सायं 17.00 बजे तक अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2.10" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादित (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 09.05.2025 को सायं 17.15 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रूपये 5,76,000/-(रूपये पाँच लाख छियत्तर हजार) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रूपये 11,520/-(रू. ग्यारह हजार पाँच सौ बीस) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रूपये 2000/- दिनांक 08.05.2025 सायं 17.00 बजे तक ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। परशिष्ट/संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| कार्य का विवरण | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू0) | धरोहर राशि (रू0) | टेण्डर का मूल्य (रू0) | टेण्डर बिक्री की अन्तिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान नर्मदापुरम जिले में विभागीय रिग मशीनों से खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 60 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य | 5,76,000.00 | 11,520.00 | 2,000.00 | 08.05.2025 17.30 तक तक | 09.05.2025 सायं 17.15 | अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्ते एवं विवरण वेब साइट पर https://mptenders.gov.in निविदा क्रमांक 2025_PHED_418630_1 दिनांक 23.04.2025 उपलब्ध है।

जी/12083/25

कार्यपालन यंत्री
लोक. स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड
भोपाल

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com